


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 21 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-174 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## आधुनिक भारत की नींव यहीं पर डलीः प्रियंका गांधी

**भिलाई,21 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



दूर-दूर से दाई दीदी बहिनी मन ल जोहार ! उन्होंने बम्लेश्वरी मईया और छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा मैंने बचपन में पिट्ठुल, गिल्ली डंडा, और कंचे सभी खेल खेले हैं।आधुनिक भारत की नींव यहीं डली। ये आपकी मेहनत, आपका जज्बा और आपकी पहचान की मिसाल है। देश की उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता के सपने का प्रतीक है। आज जो भिलाई है वो इस पूरे देश के लिए मिसाल है। पूरे देश भर से यहां लोग आते हैं। एकजुट होकर आप यहां रहते हैं। आधुनिक भारत की नींव यहीं पर डली। आपकी मेहनत और आपके जज्बे की यह मिसाल है। देश की उद्यमशीलता का यह प्रतीक है। यहां महिलाओं की इस मीटिंग में खड़े होकर और भी गौरव इसलिए होता है क्योंकि मंच पर आने से पहले जब मैं यहां आई और एक-एक स्टाल देखा। मैंने आत्मनिर्भर महिलाएं देखी, उनमें आत्मविश्वास था। वे मुस्कुरा रही थीं कि सरकार ने उनके लिए कुछ किया। वे अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं। कई बहनों से मैंने यह पूछा कि आप क्या कर रही थीं इससे पहले। सबने कहा कि अभी यह अवसर मिला है।

एक नौजवान डाक्टर हैं गांव गांव जाती हैं दवाओं का वितरण करती हैं। कुछ लड़कियां थी जो गोबर की सामग्री बनाती हैं स्वसहायता समूहों से जुड़ी हैं। समूह से जुड़ने से कितनी अपनी तरक्की हो सकती है। यह सब सुनकर मुझे महसूस हुआ कि छत्तीसगढ़ महतारी के हाथ में संस्कृति का कलश है और दूसरे हाथ में तकनीक है। गर्व इसलिए होता है कि भिलाई को लें या या यहां के कार्यों को देखें तो यह अलग तरह का काम है।. पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ ऐसे महापुरुष थे जो आजादी के लिए लड़े। उन्हीं के उसूलों से यह देश लड़ा। मैं अपने पिता जी के साथ अमेठी के दौरे पर गई थी। वे खुद जीप चलाते गये। एक गांव में हम उतरे, कुछ लोगों से बातचीत करने लगे। एक महिला उन्हें जोरजोर से डांटने लगी। मुझे लगा कि मेरे पिता को कैसे डांट रही हैं। उसने कहा कि सड़क खराब है तुमने क्या किया है। यह उस समय की राजनीति है कि प्रधानमंत्री को तक एहसास होता था कि जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी है। मैंने अपने पिता से कहा कि बुरा नहीं लगा। मेरे पिता ने कहा कि नहीं उसका कर्तव्य था और मेरा भी कर्तव्य है कि हम सब अपने अपने काम करें। महिलाओं के लिए जितनी भी योजनाएं लाई हैं। यह ध्यान में रखकर लाई गई हैं कि वे इस देश की रीढ़ की हड्डी है। वे समाज का, परिवार का पूरा बोझ उठाती हैं। मुख्यमंत्री जी खुद कह रहे थे कि घर परिवार दोनों की जिम्मेदारी आप निभा रही हैं। मैं जानती हूँ कि जो रात को आखिर में सोती हैं वो महिला हैं। जो हमारी संस्कृति है, उसूल है, हमारी अगली पीढ़ी का भविष्य महिलाएं बनाती हैं। आप सभी को सशक्त बनाने के लिए भूपेश बघेल जी की सरकार ने अनेक योजनाएं बनाईं। 10 लाख से अधिक महिलाएं समूहों से जुड़ी। उन्होंने उद्यम शुरू किया। अपने घर के लिए कुछ खरीदा। अपने उद्यम के लिए कुछ खरीदा। फिर इसके माध्यम से और उद्यम लाई। आज उनसे मिली, वे मुझसे कह रही थीं कि कुछ समूह ऐसे हैं जिन्होंने लाखों रुपए कमाये हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का मानदेय भी उन्होंने बढ़ाया। मितानिन बहनों का भी मानदेय बढ़ाया। दाई दीदी क्लिनिक आरंभ किया। आज निःशुल्क इलाज हो रहा है। महतारी जतन योजना एक ऐसी योजना है जिससे गर्भवती माताओं को अच्छा भोजन मिल रहा है। महिला स्वसहायता समूहों के करोड़ों रुपये के ऋण माफ किये गये। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से बड़ी मदद दी गई। मिशन क्लीन सिटी परियोजना के तहत हजारों महिलाएं कार्यरत हुईं। ऐसी कई योजनाएं प्रदेश सरकार ने मेरी बहनों के लिए लागू की. . यह सब इसलिए हो रहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का आपके लिए विजन है। वे आपके आज और कल दोनों को बुलंद बनाना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व सेवाभावी है। वे आप सभी की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। आज बहुत महंगाई है। उससे कुछ हद तक छत्तीसगढ़ की जनता बच रही है। आजकल महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आप पर बोझ बढ़ गया है। जब घर पर किसी तरह की विपत्ति आती है तो घबराहट होती है। इस बीच छत्तीसगढ़ की सरकार ने आपकी राहत के लिए और आपकी मदद के लिए बहुत से काम किये हैं। आज छत्तीसगढ़ का किसान बहुत खुश है। खेती उसके लिए लाभ का जरिया बन गया गया है। छत्तीसगढ़ में ही खेती करने वाले लोग बढ़ रहे हैं। धान की सबसे ज्यादा कीमत राजीव गांधी किसान न्याय योजना की वजह से यहीं मिल रही है। मिलेट जिसके बारे में कभी किसी ने सुना ही नहीं होगा, उसका कितना लाभ मिल रहा है। आपके प्रदेश का सम्मान हर रोज बढ़ रहा है। आवारा पशुओं की समस्या देश में हर जगह है। पूरी रात महिलाओं को अपने खेतों की रखवाली करनी पड़ती है। यहां गौठानों की वजह से यह समस्या हल हुई है। मैं हर जगह कहती हूँ कि छत्तीसगढ़ माडल में यह समस्या हल होती है। . सरकार आते ही किसानों का कर्जमाफ हुआ। 5 लाख से अधिक वन पट्टे दिये गये। लाखों बीपीएल परिवारों का पांच लाख तक निःशुल्क इलाज हुआ है। कमजोर वर्ग के बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिल रही है।



## प्रियंका गांधी का एयरपोर्ट में बघेल-बैज ने किया स्वागत

**रायपुर ,21 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रायपुर एयरपोर्ट पहुंची. एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रियंका गांधी का स्वागत किया. इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेता मौजूद रहे. एयरपोर्ट से निजी होटल के लिए प्रियंका गांधी रवाना हो गईं हैं. एयरपोर्ट से निकलते ही प्रियंका गांधी नवा रायपुर स्थित रिसोर्ट पहुंची. उनके साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद हैं. प्रियंका गांधी रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं से चुनावी गतिविधियों को लेकर चर्चा कर रही हैं. कुछ देर बाद प्रियंका दुर्ग जिले के लिए रवाना होंगी. जहां भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में शामिल होंगी. प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा महिला समृद्धि सम्मेलन भिलाई में आयोजित है. जिसमें शामिल होने प्रियंका गांधी आई हैं. इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है. प्रदेश भर से करीब एक लाख महिलाएं कार्यक्रम में शामिल होंगी. वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी नेता प्रियंका गांधी आई हैं.

## छत्तीसगढ़ सरकार ने आर्थिक रूप से किसानों को मजबूत करने का काम किया : भूपेश बघेल

**भिलाई,21 सितंबर।** महिला समृद्धि सम्मेलन, जयंती स्टेडियम भिलाई नगर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि भिलाई की पहचान स्टील प्लांट से हैं, इसे नेहरू जी ने बसाया था। मातृशक्ति को हाथ जोड़कर नमन करता हूं। प्रणाम करता हूं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाएं सबसे आगे हैं। चाहे घर का काम हो या ऑफिस का सभी जगह महिलाएं आगे आकर काम कर रही हैं। शुरू से ही छत्तीसगढ़ में महिलाओं को हमेशा बराबरी का स्थान मिला है। महिलाएं नौकरी भी कर रही हैं और घर के काम भी। छत्तीसगढ़ में परिवार और समाज में महिलाओं का स्थान ऊंचा रहा है। लैंगिक अनुपात में भी छत्तीसगढ़ आगे है।महिलाएं बच्चों के देख-रेख से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक ,घर में काम करना, नौकरी भी करती हैं तो सबके लिए खाना बनाकर जातीं है और काम से लौटकर फिर सभी के भोजन का ध्यान रखती हैं। पुरुष और महिलाओं के सहकार से हमारे यहां काम होता है। शुरू से ही छत्तीसगढ़ में महिलाओं को बराबरी का स्थान मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आर्थिक रूप से किसानों को मजबूत करने का काम किया। अभी प्रियंका जी ने स्टाल में देखा कि किस तरह से काम छत्तीसगढ़ में हो रहा है। बीपीओ खोले हैं। गारमेंट फैक्ट्री खोले हैं। कैसे आर्थिक संपन्नता आये, इस बात का प्रयास हम करते हैं।राशन कार्ड हमने दिया। हाफ बिजली बिल आया। पहले भिलाई में नहीं मिल रहा था अब यहां भी मिल रहा है। . राहुल गांधी हमेशा कहते हैं कि हर व्यक्ति को लगना चाहिए कि उनकी सरकार है। कोरोना काल में भी हमने प्रयास किया कि कैसे लोगों को आर्थिक मंदी से बचाएं। आज हमारे छत्तीसगढ़ की बहुत सारी मितानिन बैठी हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बैठी हैं। पांच साल में मानदेय पांच हजार से बढ़ाकर दस हजार कर दिया। आज हमारी मितानिन बहन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आये हैं। वे बहुत खुश हैं। ओल्ड पेंशन स्कीम हमने लागू किया। डीए हमने बढ़ाया। स्वसहायता समूहों का कर्ज हमने माफ किया। बहनों को सशक्त करने हम लोगों ने महिला समूहों के कर्ज राशि की सीमा बढ़ा दी। हम तीन प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे रहे हैं। वे सक्षम बनें और स्वावलंबी बने, इसके लिए हम कार्य कर रहे हैं। कन्या विवाह की राशि बढ़ा दी है। जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सेवा से पृथक होंगी तो उन्हें सहायता राशि दी जाएगी।हमने हरेली की छुट्टी दी, तीजा की छुट्टी दी। हमने मुख्यमंत्री निवास में तीजा मनाया। मुझे लगता है कि आपमें से बहुत से लोग अभी मायके से लौटी होंगी। बोरे बासी को सम्मान देने का जो काम किया, वो हमने किया। हमारे खानपान की परंपराओं का सम्मान किया। छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति कलेक्ट्रेट में लगाई। राजगीत को अपनाया।

### जब मुख्यमंत्री की भंवरा खेलने वाली बात सुनकर हंस पड़ी श्रीमती गांधी

अपने संबोधन के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब प्रियंका दीदी ने भंवरा खेला तो मुझे लगा वे ठीक तरह से नहीं चला पाएंगी लेकिन उन्होंने बहुत बढ़िया तरीके से भंवरा चलाया, मैं खुद हैरान रह गया। इस बात को सुनकर श्रीमती प्रियंका गांधी भी स्वयं को हंसने से न रोक पाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे मॉडल जैतखाम बनाने का काम हो, कृष्ण कुंज बनाने का काम हो। वनगमन परिपथ बनाने का काम हो। हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन केंद्र को संवारने छत्तीसगढ़ महतारी संवर्धन योजना लागू करने की घोषणा मैं करता हूँ।




# बीएसपी ने हासिल की एक और उपलब्धि, बिलेट्स का उत्पादन प्रारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने अपनी उपलब्धियों के अध्याय में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। एसएमएस-3 की टीम ने 19 सितम्बर 2023 को ब्लूम कम बिलेट कास्टर सीवी1 से 150 × 150 बिलेट्स का सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू कर दिया है। कास्टर सीवी1 से उत्पादन वर्ष 2018 में शुरू हुआ, लेकिन इस कास्टर में केवल यूआरएम में लॉन्ग रेल बनाने के लिए ब्लूम की आवश्यकता को पूरा करने हेतु ब्लूम का उत्पादन किया गया था। एमडब्ल्यूआरएम और बीआरएम से उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए, बीएसपी को रोलिंग के लिए अपनी सहयोगी इकाइयों से बिलेट्स प्राप्त करने पड़ते थे, जिससे लाभ मार्जिन कम होकर वहां उत्पादन लागत बढ़ रही थी। बीएसपी के समग्र तकनीकी-अर्थशास्त्र में सुधार करने के लिए सीवी1 कास्टर से बिलेट्स का उत्पादन करने के विचार के साथ, टीम एसएमएस-3 ने सीवी1 कास्टर को परिवर्तित(कन्वर्सन) करने का कठिन कार्य किया था। यह परिवर्तन एसएमएस-3 को उसके ग्राहक मिलों अर्थात् यूआरएम, एमडब्ल्यूआरएम, बीआरएम और आरएसएम की मांगों को पूरा करने के लिए कास्टर में अनुभाग की विनिमेयता में मदद करता है। कास्टर कन्वर्सन की इस प्रक्रिया में थोड़ा अतिरिक्त समय लगा, क्योंकि मई 2023 और अगस्त 2023 माह में प्रारंभिक परीक्षणों से वांछित परिणाम नहीं मिले। शीर्ष प्रबंधन और तकनीकी साझेदारों के बहुमूल्य इनपुट के साथ-साथ एसएमएस-3 की उर्जावान टीम ने कभी न हार मानने वाले रवैये के परिणामस्वरूप वांछित परिणामों के साथ सफलतापूर्वक कास्टर कन्वर्सन प्राप्त हुआ है। एसएमएस-3 के सभी संबद्ध विभागों, विशेषकर इंजीनियरिंग शॉपस् और ईडीडी के बहुमूल्य योगदान के बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। यह कास्टर कन्वर्सन भारत में अपनी तरह का पहला परिवर्तन है और इसने टीम एसएमएस-3 को भारतीय इस्पात उद्योग में एक नई ताकत के रूप में उभारा है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-3 नेउ त्पादकता में सुधार की पहल की

**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-3 टीम ने सिंटर प्लांट-3, मशीन-2 के नोड्यूलाइज़र में नया स्टीम इंजेक्शन सिस्टम स्थापित करके डीकार्बराइजेशन और उत्पादकता में सुधार की दिशा में नई पहल की है। सिंटर मशीन-2 के नोड्यूलाइज़र में स्टीम इंजेक्शन सिस्टम का उद्घाटन कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दास गुप्ता द्वारा किया गया है। नोड्यूलाइज़र में भाप डालने से रॉ मिक्स (सिंटर चार्ज) तापमान 33-35 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 43-45 डिग्री सेल्सियस हो जाता है और बॉलिंग इंडेक्स 1.25-1.3 से बढ़कर 1.5-1.55 हो जाता है। इससे सिंटर बेड पारगम्यता बढ़ाने और बेहतर सिंटरिंग स्थिति प्राप्त करने में मदद मिलती है। परिणामस्वरूप इस संशोधन से प्रति टन सिंटर में कोक दर में 2-3 किलोग्राम की बचत करने में मदद मिली है और आंतरिक सिंटर उत्पादन में 5-6 प्रतिशत की कमी के साथ, सिंटर उत्पादन में 3-4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह संशोधन आंतरिक घरेलू संसाधन और बिना किसी बड़े व्यय के किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य महाप्रबंधक अनुप कुमार दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक सौम्या टोकदार, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक एमआरके शरीफ, महाप्रबंधक जगेंद्र कुमार, महाप्रबंधक गायकवाड़, महाप्रबंधक आर आनंद शामिल हुए। साथ ही महाप्रबंधक सजीव वर्गीस, महाप्रबंधक ए के बेडेकर, महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय, महाप्रबंधक आर डी शर्मा एवं एमजीआर ओ एन शर्मा सहित पूरी एसपी-3 टीम इस समारोह में उपस्थित रहे।



## एक नजर

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा 1 अक्टूबर से

**भिलाई, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स संघ द्वारा जूनियर एवं सीनियर (बालक एवं बालिका) एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 से 3 अक्टूबर 2023 तक बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में किया जा रहा है। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की दोनों वर्ग की टीमें भाग लेंगी। 20वीं छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये सेल एथलेटिक्स एकेडमी ग्राउंड, सेक्टर-4 में दिनांक 23 सितम्बर 2023 को सुबह 09 बजे से (दोनों वर्ग) की टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है । अतः संयंत्र कार्मिकों के बच्चे, बीएसपी स्कूलों के छात्र- छात्राएं तथा भिलाई क्षेत्र के खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक 23 सितम्बर को सुबह 08 बजे तक सेल एथलेटिक्स एकेडमी ग्राउंड, सेक्टर-4 में निम्न चयनकर्ताओं अनिरूद्ध, दामोदरन, दीपक जे पटेल तथा षिव कुमार के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### सेवानिवृत्त फौजी के घर में चोरी

**भिलाई, 21 सितंबर।** जामुल थाना अंतर्गत सेवानिवृत्त फौजी के घर में चोरी हो गई। चोरों ने अलमारी और लॉकर को तोड़ा। सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफकर दिया। सूटकेस भी चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि करीब 5 लाख की चोरी हुई है। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त फौजी सत्य कुमार साहू ने मेसरा में गार्ड की ड्यूटी करने कंपनी गया था। उनकी पत्नी बच्चों के साथ तीजा मनाने मायके गई थी। घर में कोई नहीं था। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाया सामने दरवाजे की कुंडी को तोड़ा। इसके बाद घर के अंदर घुसे अलमारी के लॉकर को तोड़ा 25 हजार रुपए नकद और करीब 5 लाख रुपए की ज्वेलरी चोरी कर ली। पुलिस ने धारा 380, 457 के राहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मैदान में महिला की लाश मिलने से फैली सनसनी

**भिलाई, 21 सितंबर।** छावनी थाना क्षेत्र मैदान में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई पुलिस के मुताबिक महिला की मौत शराब पीने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से स्थिति साफ होगी कि महिला की मौत जहरीली शराब पीने से हुई या अधिक शराब पीने से या किसी और कारण से। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि थाने के मैदान में महिला मृत पड़ी है। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। आसपास पतासाजी की गई महिला की पहचान फरीदनगर निवासी नूरी पति मोहम्मद अली के रूप में हुई। वह रात 12 बजे फरीदनगर से अपने पति के साथ उसके दोस्त पप्पू के पास आई थी। जहां नूरी का पति मोहम्मद अली और उसके दोस्त पप्पू समेत तीनों ने मिलकर शराब पी। बुधवार दोपहर तक तीनों को देखा गया। शाम को वह मृत मिली पुलिस ने मौके से शराब की बोतल और चखना को बरामद किया।

### कलेक्टर ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थी को दी बधाई



**कवर्धा, 21 सितंबर।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज नीट के परीक्षा में चयनित कबीरधाम की बेटी रूमहा परविन पिता रफिक्र कुरैशी को पुष्प-गुच्छ भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर महोबे ने शुभकामनाएं देते हुए आगे भी जिले का नाम रौशन करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपनी उपलब्धियों से जिले को गौरान्वित किया है, आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम प्राप्त करें। रूमहा ने बताया कि नीट परीक्षा में 525 मार्क पाकर एमबीबीएस गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज महासमुंद के लिए चयनित हुई है। इस अवसर पर वसीम रजा कुरैशी उपस्थित थे।



कमलेश्वर ठाकुर वार्ड नं 19 ठाकुर पारा कवर्धा में विराजित गणेश प्रतिमा ।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 21 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 हॉस्पिटल में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर सफाई अभियान की शुरुआत की गई। सफाई अभियान की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रवींद्रनाथ एवं महाप्रबंधक मोहम्मद शाहिद अहमद के द्वारा सांकेतिक रूप से झाड़ू लगाकर की गई। सफाई अभियान का उद्देश्य पूरे चिकित्सालय परिसर को संक्रमण मुक्त, स्वच्छ सुन्दर, साफएवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करना है, ताकि प्रत्येक भिलाई वासी के उपचार के लिए बढ़िया वातावरण हो। सभी वार्डो की सफाई का स्तर संक्रमण मुक्त, स्वस्थ, सुन्दर हो, चिकित्सालय का बाहरी परिसर साफ सुन्दर व्यवस्थित हो इसको ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया। सफाई अभियान पखवाड़ा चिकित्सालय से लेकर प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में इसकी शुरुआत की गई है। सफाई अभियान पखवाड़ा, हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत के अंतर्गत, सेक्टर 9 चिकित्सालय के द्वारा प्रत्येक वर्ष सृष्टि के सृजनकर्ता विश्वकर्मा जयंती से गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इस सफाई अभियान पखवाड़े में, अनुरक्षण एवं सेवायें विभाग के अधिकारी महाप्रबंधक श्री बलवीर सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरत विश्वास, अब्दुल हक सफाई पखवाड़े के समन्वयक गजेंद्र शेखर उपलपवार, स्वच्छता निरीक्षक सुबोध देश पांडे एवं अन्य सफाई मित्र, सुरक्षा गार्ड सहित हॉस्पिटल स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### पशुपालको को लगने वाला अर्थदण्ड अब महँगा पड़ेगा



**भिलाई, 21 सितंबर।** रोका छेका संकल्प अभियान के तहत सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र से सितम्बर माह में अब तक सड़क एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रो से 328 घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर कोसानगर शहरी गौठान तथा डी मार्ट के पशु आश्रय स्थल में रखा गया है। आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई क्षेत्र में विशिष्ट जनो के आगमन को ध्यान में रखकर तथा पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने के लिए रोका छेका संकल्प अभियान लगातार चालने के निर्देश दिये है। अवकाश के दिनों में भी निगम का राजस्व अमला शहर के विभिन्न चौक चौराहो एवं सड़को में घूम कर घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर गौठान में रख रहे है। सितम्बर माह में 328 पशुओं को पकड़ा गया है। इसके पूर्व 800 से अधिक मवेशियों को गौठान में रखा गया है। जिसका पशुपालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। इधर महापौर परिषद ने गौठानो से पशुओं को छूड़ाने के लिए जाने वाले अर्थदण्ड में बढ़ौत्तरी करते हुए प्रथम बार 1000, द्वितीय बार 3000 एवं अंतिम बार 5000 रूपये का प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद भी पशु सड़क पर पाये जाते है, तो पशु माालिक के खिलाफप्रथम सूचना रिपोट पुलिस में दर्ज कराने का प्रावधान किया गया है। आप को बता दे मान. उच्च न्यायालय ने सड़क पर घुमने वाले पशुओं के घड़पकड़ की कार्यवाही को सक्ती से करने के निर्देश दिये है।

### यूनिवर्सल रेल मिल ने बनाया नया दैनिक कीर्तिमान



**भिलाई, 21 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) जो दुनिया की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोल करती है और भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की आपूर्ति करती है, ने एक बार फिर से आर 260 ग्रेड और 60 ई 1 प्रोफाइल रेल के दैनिक उत्पादन में नया रिकॉर्ड स्थापित किया हैं। 19 सितम्बर 2023 को यूनिवर्सल रेल मिल ने चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल आर260-60ई1 रेल प्रोफाइल में रिकॉर्ड 3,623 टन (428 ब्लूम्स) का उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान हासिल किया है। यूआरएम ने 30 जून, 2023 को हासिल 3,521 टन (416 ब्लूम्स) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए यह कीर्तिमान बनाया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता और प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर यूआरएम की टीम को बधाई दी। उन्होंने यूआरएम की समर्पित टीम को पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए इस वर्ष के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा ऐसे ही और भी नए रिकॉर्ड बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। यूआरएम, भारतीय रेलवे को उच्च गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप रेल का प्रेषण करता है। यूआरएम का लक्ष्य उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर 100 प्रतिशत ग्राहक संतुष्टि है। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम में निर्मित 260 मीटर लंबे रेल पैनल देश के रेल नेटवर्क के विस्तार एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### विधायक व महापौर ने ट्यूबलर पोल में लगी लाइट का त्यौहार को देखते हुए किया शुभारंभ

**दुर्ग 21 सितंबर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।सिविल लाइन गौरव पथ के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से प्रगति में इसी कड़ी में आज ट्यूबलर पोल में लगी लाइट को त्यौहार का सीजन देखते हुए महिला समृधि बाजार से निगम कार्यलय तक का लोकार्पण विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने सड़क के अंधेरा दूर करने के लिए 80 पोल की लाइट में से 61 पोल की 220 वाट की हर पोल में लगी लाइट महिला समृद्धि बाजार से लेकर गांधी प्रतिमा तक के लाइट को चालू किया गया।

# कबीरधाम जिले की दो विधानसभा सीटों के लिए भाजपा में दावेदारों की बहुत लंबी सूची

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में बहुत कम दिन बचे है लेकिन दावेदारों की लंबी लिस्ट होने के कारण भारी मंथन करना पड़ रहा है और गुटबाजी की भी संभावना हो सकती है । कबीरधाम जिले में दो विधान सभा होने के कारण अनेकों नाम के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमण सिंह , प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा , सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल , भाजपा वरिष्ठ नेता गणेश तिवारी , पूर्व सांसद अभिषेक सिंह , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट , समाजसेवी भावना बोहरा , पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी , बीजेपी वरिष्ठ नेता सीताराम साहू , पूर्व विधायक सियाराम साहू , जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू , पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देव कुमारी चंद्रवंशी , बिसेसर पटेल , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल , गोपाल साहू , नरेश साहू ,के नाम को लेकर सुगबुगाहट जनमानस और कार्यकर्ताओ में चर्चा होती हुई दिख रही है । जिला बीजेपी अध्यक्ष अशोक साहू और महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की परिवर्तन यात्रा से यह तय हो चुका है की कांग्रेस की सरकार विदाई के कगार पर है और छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बन रही है । कवर्धा और पंडरिया में कमल खिलेगा । फिलहाल लोकसभा सत्र के कारण इस सप्ताह बीजेपी की लिस्ट नही आयेगी ऐसी भी चर्चा है । सबसे ज्यादा चर्चा पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमण सिंह या एक सामान्य प्रत्याशी की सुगबुगाहट जनमानस में दिखी । जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने दावेदारी के सवाल पर कहा की इस बार वो दावेदारी नही कर रहे है पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे ईमानदारी से निभायेंगे । ज्यादा प्रत्याशी होने के कारण कांग्रेस और आप पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिखने की संभावना देखी जा रही है ।

### सेवानिवृत्त फौजी पर बदमाश ने किया चाकू से हमला

**भिलाई, 21 सितंबर।** मुच्छ कबाड़ी के पास पेपर बेचने गए सेवानिवृत्त फौजी पर एक बदमाश चाकू से हमला कर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डिल्ला देवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह 8 बजे की है जोन 2 मकान 142 के 5 निवासी गोवर्धन सिंह (52 वर्ष) सुबह करीब 8 बजे मछली मार्केट में मुच्छ कबाडी दुकान के पास पुराना पेपर बेचने गया था। जहां आरोपी डिल्ला देवार खड़ा था। बिना कारण डिल्लादेवार यह बोल कर बहस करने लगा कि वजन कितना आता है। मना करने पर अश्लील गालिया देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे माथे एवं बाएं हाथ में चोट आई है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# कांग्रेस के तीज मिलन में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सरकार के मुखिया के मंशानुरूप आज छत्तीसगढ़ संस्कृति को प्रोत्साहन देकर महिला दीदीओ को सभी त्यौहार को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसी कड़ी मे आज कवर्धा शहर महिला कांग्रेस ने केबिनेट मंत्री मो अकबर भैया जी,के मार्गदर्शन में, छत्तीसगढ़ शासन के क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल जी,नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा जी ,कृषि मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहु,जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्री राजकुमार तिवारी जी के सहयोग से तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित कर सभी शहर महिला कांग्रेस टीम ने छत्तीसगढ़ महतारी की चलचित्र फोटो की पूजा अर्चना कर ,तीज त्यौहार के बारे में विशेष चर्चा कर प्रदेश कांग्रेस सरकार को भी शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव शेख अनवरी,शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सीमा अगम,उपाध्यक्ष रचना कोसले त्रिवेनी मानिकपुरी रोशनी मरावी फूलवती डहरिया,रामेश्वरी चौहान,नौशाद खान, लीला देवी,सुमित्रा,ममता राजपूत,कविता देवांगन, रमशिला साहु, सहोदरा,सुशीला साहु,विसी साहु, सुनीता निर्मालकर,कौशल्या, आदि महिला कांग्रेस उपस्थित थे।

### डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

**दुर्ग, 21 सितम्बर।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 20 सितम्बर 2023 को कुल 04 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले, जिसमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र सेक्टर 1 से 01, सेक्टर 5 से 01, सेक्टर 8 से 01 कैंप 02 से 01 के रहवासी है। वर्तमान में 04 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण रोकथाम व उपचार के संबंध मे एक दिवसीय कार्यशाला श्री शंकराचार्य इंस्टीट्युट ऑफ मेडिकल कॉलेज भिलाई-दुर्ग के सभागार में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की गई, जिसमे विभिन्न अस्पतालों मे कार्यरत प्रबंधक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रतिभागी के रूप मे उपस्थित हुए जिन्हें जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल कॉलेज भिलाई, मेडिसीन विभाग प्रमुख डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. ट्विंकल चंद्राकर, डॉ. मोना चंद्राकर सुश्री रितिका सोनवानी एपिडेमोलॉजिस्ट, श्री लक्की दुबे व्हीबीडी सुपरवाईजर के द्वारा डेंगू मरीजों के प्रबंधन के बारे मे विस्तृत जानकरी दी गई।

# जनता का समावेशी विकास है छत्तीसगढ़ मॉडल:मुख्यमंत्री

## किसानों, आदिवासियों और गांवों में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समृद्ध बनाने का कार्य सरकार कर रही

**रायपुर, 21 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि जनता का समावेशी विकास ही है छत्तीसगढ़ मॉडल। इस मॉडल किसानों, आदिवासियों और गांवों में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समृद्ध बनाने का कार्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों का कर्ज माफ किए। छत्तीसगढ़ के लोगों की आर्थिक उन्नति और बेहतरी के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में न्यूज 24 द्वारा आयोजित 'मंथन छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए। भूपेश का छत्तीसगढ़ मॉडल क्या है पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव योजनाओं को संचालित कर समृद्ध करने



का कार्य कर रही है। इसी मॉडल के अंतर्गत प्रदेश में 750 से अधिक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। इन स्कूलों के माध्यम से उन परिवारों को राहत मिली है और बच्चे इंग्लिश मीडियम में पढ़ कर निजी स्कूल के बच्चों से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों, बेरोजगारों और किसानों को भी सीधे उनके खाते में राशि ट्रांसफर किए जा रहे हैं।

प्रदेश के लोगों के आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ कला संस्कृति को भी संजोने और संवर्धन करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। विगत तीन वर्षों से आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया। लगभग 27 देशों से भी आदिवासियों की टीम छत्तीसगढ़ आई और आदिवासी महोत्सव में अपनी संस्कृति का यहां प्रदर्शन किया, जिससे एक दूसरे की संस्कृति को जानने-सीखने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में प्रदेश के युवाओं के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के साथ-साथ शासकीय नौकरी का अवसर दिलाना बड़ी संख्या में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 'मन्थन छत्तीसगढ़' के कार्यक्रम में कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, स्वस्थ्य, आंगनवाड़ी सहित विकास देखने को मिल रहा है और छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद सिमटते जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 600 गांव नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज का वाजिब दाम दिलाकर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम सरकार ने किया है। सरकार ने इन पांच वर्षों में किसानों, गरीबों और आदिवासियों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। किसानों को ऋण मुक्त करने के लिए पहले कृषि ऋण माफ करने के साथ ही सिंचाई कर माफ कर किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने का काम किया है।

## एक नजर

### आदतन अपराधी को 25 आर्म्स एक्ट के तहत किया गया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 21 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में गणेश पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टि से असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.09.2023 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि शंकर नायक नामक व्यक्ति नया बस स्टैण्ड रैन बसेरा के पास राजनांदगांव में लाहे का धारदार चाकू लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली स्टॉफ मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता शंकर नायक पिता बुधराम नायक उम्र 40 वर्ष साकिन उड़िया मोहल्ला शंकरपुर ओ0पी0 चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू मिला, आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मकसद से अवैध रूप से चाकू रखना पाये जाने से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

### सट्टापट्टी के साथ 2 लोग गिरफ्तार

राजनांदगांव 21 सितंबर। **श्रीमान वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में अवैध जुआ, सट्टा, शराब पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक श्री राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में टीम तैयार किया गया। टीम द्वारा थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र के 02 सटोरियो 1- छन्नू यादव पिता कुम्भलाल यादव उम्र 23 साल निवासी ढारा 2- गणेश गेडाम पिता दिनेश गेडाम उम्र 24 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ के द्वारा आम जगहो पर सट्टा पट्टी, लिखते समय रेड कार्यवाही किया गया। उपरोक्त आरोपियो के कब्जे से अंको पर लिखा सट्टा पट्टी डाट पेन नगदी रकम 2400 /रू को जप्त किया गया है। आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 591/2023, 592/23 धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपियो का अपराध अजामानतीय होने से जेल भेजा गया । इस कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी सउनि धन्ना सिन्हा, प्र0आर0 214 महादेव साहू, आर. चंद्रप्रताप सिंह का रहा है।

### ग्रामीणों से वाद-विवाद कर शांति भंग करने पर जुर्म दर्ज

**राजनांदगांव 21 सितंबर।** थाना डोंगरगांव 20 सितंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,आईयुसीएडब्ल्यु राज0 श्रीमती नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोगरगांव पुलिस द्वारा जनसामान्य के समस्यों पर तत्परता से संज्ञान लेते हुये ग्रामीणों के सुचना पर ग्राम जामसरार पर मौके पर पहुंच कर अनावेदक जो गांव में रामसत्ता के कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण कर रहे पराट को गिराकर ग्रामीणों से वाद विवाद कर शांति भंग रहा था जिसे समझाने के बाद भी नही मानने पर अनावेदक गंगाराम यादव पिता फगुराम यादव, उम्र 26 वर्ष, निवासी जामसरार कला, थाना डोंगरगांव, जिला राज0, के विरूद्ध इस्त0 धारा- 151/107,116 जा0फौ0 का तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव के समक्ष शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभुति राशि से प्रतिबंधित करने हेतु पेश किया गया है ।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया

**रायपुर, 21 सितंबर।** एब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2- और 3-व्हीलर के निर्माता, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-लोडर, एब्लू रीनो को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह भारत में ईवी थ्री व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में कंपनी का पहला प्रॉडक्ट है। एब्लू रीनो के लिए प्री-बुकिंग 19 सितंबर 2023 को गणेश चतुर्थी के पावन दिन से शुरू होगी। उपभोक्ताओं को इन वाहनों की डिलिवरी शुरुआत 20 सितंबर 2023 से होगी। ई-लोडर की कीमत 3,34,999 रुपये (एक्स-शोरूम) होगी। कंपनी अभी देश में एब्लू रोज़ी (ईवी थ्री व्हीलर-एल5एम), एब्लू स्पिन, एब्लू थ्रिल (ई-साइकिल) और एब्लू फियो (इलेक्ट्रिक फैमिली स्कूटर) की रिटेल बिक्री कर रही है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ, श्री हैदर खान ने लॉन्चिंग पर कहा, यह वाहन हमारे रायपुर स्थित प्लांट में डिजाइन किया गया है। एब्लू रीनो का निर्माण गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमने एब्लू पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया है। भारत में आर्थिक प्रगति के साथ कारोबार भी काफी तेजी से फल-फूल रहा है।

# अमित शाह ने महिला आरक्षण विधेयक पर मोदी की दिल खोलकर प्रशंसा की, विपक्ष को आड़े हाथों लिया

**नई दिल्ली, 19 सितंबर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री की दिल खोलकर प्रशंसा की और आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को अधिकार दिलाने के साथ साथ उनका सम्मान बढ़ाने का भी काम किया है। इसलिए इस विधेयक का नाम भी नारी शक्ति वंदन विधेयक रखा गया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने शास्त्रों में वर्णित 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' को चरितार्थ करते हुए भारतीय संस्कृति एवं देश के लोकतत्र का मान बढ़ा दिया हैं। उल्लेखनीय है कि आज नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया।

अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने दिखा दिया कि महिलाओं सशक्तिकरण



एनडीए सरकार के लिए स्लोगन नहीं है, बल्कि इस सरकार का यह संकल्प है। मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर करोड़ों देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री को अंतर्मन से बधाई देता हूं और सभी बहनों और माताओं की तरफसे उनका आभार भी व्यक्त करता हूं।

इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद महिलाओं को न सिर्फ आरक्षण का अधिकार मिलेगा, बल्कि भारत को एक आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने में वह आधार स्तंभ साबित होंगी।

अमित शाह ने ह्र पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा - भारत भर में लोग संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रस्तुत किये जाने वाले क्षणों का आनंद उठा रहे हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अफ्सोस की बात है कि विपक्ष इसे पचा नहीं पा रहा है. और, इससे भी अधिक शर्मनाक बात यह है कि प्रतीकात्मकता को छोड़कर, कांग्रेस कभी भी महिला आरक्षण को लेकर गंभीर नहीं रही। या तो उन्होंने कानूनों को समाप्त होने दिया या उनके मित्र दलों ने विधेयक को पेश होने से रोक दिया। उनका दोहरा चरित्र कभी छुपेगा नहीं, चाहे वे श्रेय लेने के लिए कितने ही स्टंट क्यों न कर लें।

## कलेक्टर ने किया छुरिया में नवनिर्मित सी-मार्ट का अवलोकन



**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज छुरिया स्थित नवनिर्मित सी-मार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं एवं सामग्री को बढ़ावा देने के लिए सी-मार्ट स्थापित किया जा रहा है। जिसमें स्वसहायता समूह की महिलाओं की सामग्री बिक्री होने से लाभ मिल रहा है। समूह की महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सी-मार्ट महत्वपूर्ण साबित हो रहा है और उनके प्रोडक्ट को बिक्री के लिए मार्केट मिला है। इस दौरान स्टॉल में खाद्यान्न सामग्री, महिलाओं द्वारा गोबर के दिए, दीया बाती, झाड़ू, सब्जियां बिक्री के लिए रखी गई थी। उल्लेखनीय है कि छुरिया स्थित नवनिर्मित सी-मार्ट में विभिन्न श्रृंखलाओं में प्रोडक्ट जनसामान्य के लिए उपलब्ध है। रीपा अंतर्गत निर्मित मोरगांव के मसाला में धनिया, गरम मसाला, हल्दी एवं मसाले की अन्य वेरायटी उपलब्ध है। गोबर से निर्मित दिया, बाती, मिक्चर, अगरबत्ती, मटर, चना, दाल, धूप, चंदन, फिनाईल, साबुन, घर की साज-सज्जा साहित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री अश्वन पुसाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गणेश उत्सव को लेकर राजनंदगांव पुलिस एक्शन मोड में




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनदगांव 21 सितंबर।** पुलिस द्वारा गणेश उत्सव को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जिले के प्रमुख स्थलों पर टीम के द्वारा चेकिंग कर निगाह रखी जा रही है जिस तारतम्य में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिसोदिया के हमराह थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर कौशलेश देवांगन रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू अपने अपने बल को लेकर शहर के प्रमुख स्थल , रामाधीन मार्ग , जय स्तंभ चौक मानव मंदिर ,तिरंगा चौक,भारत माता चौक ,गंज चौक नदाई चौक,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में पुलिस जवानों के साथ बाइक पेट्रोलिंग किया गया है साथ ही शहर के होटल और लॉज की भी बारीकी से निगाह रखकर चेकिंग किया जा रहा है इसके अलावा शहर के अलग-अलग चौक चौराहा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर चेकिंग किया जा रहा है। शाम के समय शहर में होने वाली भीड़ भाड़ को देखते हुए भारी वाहनों को शहर में प्रवेश रोकने के लिए व व्यवस्था बनाने के लिए भी पृथक से ट्रैफिक व्यवस्था लगाया जा रहा है।

## गिरदावरी का अवलोकन मैदान में जाकर करें अधिकारी: कलेक्टर

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि 26 सितम्बर को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिटफण्ड की राशि का वितरण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री सांकरदाहरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके लिए हेलीपेड, माईक, प्रोटोकाल, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। 21 सितम्बर को भिलाई में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत सभी नोडल अधिकारियों को टीम का गठन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 15 से 20 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों एवं सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनसामान्य को श्रमदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि गिरदावरी कार्य का अवलोकन फिल्ड में जाकर करें। गिरदावरी का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित होना चाहिए। उन्होंने किसानों का पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोमवार 25 सितम्बर को फ्लाईएस ब्रिक्स एवं वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री के लिए विशेष अभियान चलाने कहा। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, रीपा एवं शासन की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण करेंगे। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने छुरिया जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

## युवा कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी



**मोहला 21 सितंबर।** जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं जिला कांग्रेस के युवा कांग्रेस के प्रभारी संजय जैन व्दारा जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया गया जिला कांग्रेस कमेटी व्दारा युवा कांग्रेस के प्रभारी बनाऐ जाने के दो दिन बाद जिला कार्यकारिणी, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की.बैठक बहुत गभीर से लिऐ गये भूपेश है तो भरोसा ÷हितग्राही फार्म÷ 10 दिन के अन्दर प्रत्येक विधानसभा मे 3000 फार्म भरने का लक्ष्य दिया गया,प्रत्येक बुथ मे एक बुथ-दस युथ का पुरे ब्लॉक मे 10दिन के अन्दर पुरा करने को कहा गया है, प्रत्येक बुथ मे युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बनाना है,और सभी विधानसभा और ब्लॉक मे सभी कार्यकरणी के गठन करने के लिऐ युवा कांग्रेस के सदस्यों की सूची बना कर जिला युवा कांग्रेस को भेजे,1अक्टूबर के बाद सभी ब्लाकों व विधानसभा मे युवा सम्मेलन का आयोजन किया जावेगा, और भूपेश बघेल के सभी योजनाओं को गांव और घर तक पहुंचने को कहा गया।जिला युवा कांग्रेस के महत्वपूर्ण बैठक मे उपस्थिति नहि होने पर विधानसभा अध्यक्ष देव पेन्दो व ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस दिनेश हिरवानी को शोकाश नोटिस जारी किया गया ,इस बैठक मे जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी युवा कांग्रेस संजय जैन , जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल, उपाध्यक्ष अजय राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष मोहला-मानपुर नितिन लोन्हरे,ब्लॉक अध्यक्ष मोहला राजेन्द्र मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष मानपुर सागर सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण जितेन्द्र उईके,अं चौकी शहर अध्यक्ष मोनू खान,ब्लॉक अध्यक्ष कुमर्दा राकेश बारले,विधानसभा उपाध्यक्ष सदानंद सेण्डे जिला महासचिव हिमांशु मेश्राम इस बैठक मे उपस्थिति थे।

# गणेश घाट सिहावा में ऋषि पंचमी धूमधाम से मनाई गई

■ बड़ी संख्या में गुरुभाइयों ने शामिल होकर किया परम्पंरा का निर्वाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी/ सिहावा 21 सितंबर।** चित्रोत्पला महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में ऋषि पंचमी धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ऋषि पंचमी समिति सिहावा के अध्यक्ष बलदेव निषाद के अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरू भाइयों व आमंत्रित जनों ने गुरु आश्रम में पूजा अर्चना किया, इस दौरान औघट बाबा, सहित अन्य देवी देवताओं के समक्ष माथा टेककर प्राचीन ऋषि परम्पंरा का निर्वहन करते हुए दुर्लभ जड़ी बूटियों का सेवन किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में गढ़ की देवी देवताओं,ऋषि मुनियों की परम्परानुसार परघोनी ,स्वागत सम्मान ,पूजा अर्चना किया गया। गुरु भाइयों ने क्रमवार होकर गुरु महराज से आशीर्वाद लिया,तथा नये गुरु भाइयों को जनकल्याण व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देते हुए पाठ पीढा गुरु महाराज द्वारा प्रदान की गई।मौके पर गुरु आश्रम पहुँचे पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,कर्णेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने उपस्थित जनो को ऋषि पंचमी की



शुभकामना प्रदान की,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बलदेव निषाद,मान सिंह पटेल,राज कुमार निषाद,नेहरू पटेल ,ज्ञान सागर पटेल,प्रीतम पटेल,राजेश यदु,माहरू साहू,अमृत साहू,संजय सारथी,रामसिंग पटेल,कलम सिंह पवार,रामाराव बघेल,राजेश यदु,ललित निर्मलकर, कौशल साहू,अंजोर निषाद,भरत निर्मलकर, सचिन भंसाली,गगन नाहटा, दीनदयाल नागरची,कलम सिंह पवार,रामाराव बघेल,ललित निर्मलकर गोलू निषाद, कौशल साहू,अंजोर निषाद,भरत निर्मलकर, सचिन भंसाली,गगन नाहटा, दीनदयाल नागरची,धनंजय साहू,कृष्णा पटेल,रमधर साहू, बीरेंद्र यादव,त्रिलोक साहू ,कौशल पटेल, शैलेन्द्र पटेल,रोशन पटेल,रामगणेश यादव,महेंद्र साहू,मीतूबघेल,राकेश निर्मलकर, पवन निषाद,सदानन्द सिन्हा, ऋषभ यदु,सत्यम पटेल,केशव साहू,जीतू यादव सहित दूर दूर से आए गुरुभाई व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## छुरिया में मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आज छुरिया विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पैदल रैली एवं बाईक रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में बच्चे तथा अधिकारी व कर्मचारी एवं जनसामान्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई। सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप अंतर्गत मताधिकार के प्रति जागरूकता लाने के लिए रैली का आयोजन लगातार किया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बच्चे अपने अभिभावकों तथा परिजनों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर सभी ने मैं भारत हूं...गीत गाकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री अश्वन पुसाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# शिविर में किया गया सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ निगम में आयोजित शिविर में शासन की योजना का लाभ देने किया गया पंजीयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत 20 से 22 सितम्बर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में आज नगर निगम



सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत इंडियन स्वच्छता लींग 2.0 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक कराया जाना है, निर्देश के क्रियान्वयन के तहत 16 सितम्बर को स्वच्छता रैली आयोजित की गयी जिसमें महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सफाई मित्र, स्वच्छता दीदीयों, अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा शालेय विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा पर स्वच्छता अपनाने शपथ दिलायी, शपथ उपरांत स्वच्छता रैली आयोजित की गयी, रैली के माध्यम से लोगों से स्वच्छता अपनाने, साफ सफाई से जुडने अपील की गयी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इसी तारतम्य में 20 से 22 सितम्बर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर आयोजित करने की कडी में आज नगर निगम में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित दो मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 174 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 51 कर्मियों का लेब टेस्ट तथा 145 कर्मियों को दवा वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य योजना के तहत 41 प्रकार के लेब टेस्ट उपलब्ध है, जिसमें आज के शिविर में शुगर, डी-3, बी-12, सी.बी.सी. व एच.बी. टेस्ट किया गया। इसके अलावा निगम सभागृह में आयोजित पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की योजनाओं तथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को लाभ देने पंजीयन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन 22 सितम्बर तक किया जायेगा।

संपादकीय

## मोदी सरकार ने बीड़ा उठाया

सरकार तो वही जनता की सरकार मानी जाती है जो जनता चाहती है, वह काम करके दिखाती है। वह काम चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, सरकार उसे किसी न किसी तरह से पूरा कर ही ले। महिला आरक्षण बिल ऐसा ही काम है, उसे पिछले तीन दशक से कोई राजनीतिक दल नहीं कर सका है। इसकी वजह यह है कि हमेशा कुछ राजनीतिक दल उसका विरोध करते हैं और सरकार गिराने की धमकी देते हैं इससे जिस पार्टी की सरकार होती है वह महिला आरक्षण बिल को छोड़कर अपनी सरकार बचाने लग जाती है। साझा सरकार की यही खामी होती है कि सरकार जनहित के काम भी नहीं कर पाती है क्योंकि राजनीतिक दलों के लिए जनहित से ज्यादा राजनीतिक हित अहम हो जाता है। ऐसा नहीं है कि किसी राजनीकिक दल या दलों की सराकर ने महिला आरक्षण बिल पास कराने की कोशिश नहीं की। यूपीए की साझा सरकार ने मनमोहन सिंह के समय कोशिश की। राज्यसभा में यह बिल पाास भी हो गया लेकिन लोकसभा में यह बिल लालू व मुलायम की पार्टी के कारण पास नहीं हो सका। वह चाहते थे कि आरक्षण के भीतर आरक्षम दिया जाए। ऐसा न करने पर सरकार गिराने की धमकी दी गई। मनमोहन सिंह सरकार न`आरक्षण को छोड़ दिया और अपनी सरकार बचाने की सोची। सरकार तो बच गई लेकिन महिला आरक्षण बिल सत्र समाप्त होने के बाद समाप्त हो गया। अब मोदी सरकार ने महिला बिल पास कराने का बीड़ा उठाया है। मोदी सरकार का लोकसभा में बहुमत है,सारे दल समर्थन कर रहे हैं इसलिए लोकसभा में यह बिल 454-2 से पास हो गयाए। राज्यसभा में बहुमत नहीं है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के सहयोग से राज्यसभा में बिल आसानी से पास हो सकता है। इसलिए कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इस बिल का विरोध तो कर रहे। क्योंकि विरोध के बाद भी बिल तो पास हो जाएगा। सारे विपक्षी दल महिला बिल का विरोध कर महिलाओं को नाराज नहीं करना चाहते हैं। वह ऐसा दिखाएंगे कि वह भाजपा से ज्यादा महिलाओं के हितचिंतक है। वह महिलाओं का हित भाजपा से ज्यादा चाहते है। इसका संकेत तो विपक्षी दलों ने पहले दिन ही दे दिया था। कांग्रेस सहित कई दलों के नेताओं ने पहले दिन ही कहा है कि एससी व एसटी के साथ ही ओबीसी महिलाओं को भी अलग से आरक्षण दिया जाए। इस महिला विधेयक के जरिए सरकार एससी व एसटी को जो आरक्षण मिला हुआ है, उसी में 33 प्रतिशत आरक्षण आरक्षण दे सकती है। वह ओबीसी को आरक्षण नही दे सकती। फिर भी ओबीसी को आरक्षण देने के नाम पर महिला आरक्षण बिल पास कराने वाला सरकार को असफल दिखाने के लिए ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। सरकार की रणनीति है कि वह काम जो आज तक देश का कोई राजनीतिक दल नहीं कर सका। उसे जनता को करके दिखाना और बताना कि मोदी सरकार वह काम भी कर सकती है जो दूसरे राजनतिक दल सत्ता में बरसों रहने के बाद भी नहीं कर सके। मोदी सरकार से भी ज्यादा बड़ा बहुमत राजीव गांधी सरकार के पास था लेकिन वह भी महिला आरक्षण बिल पास नहीं करा सकी। तीन दशक बाद भी महिला आरक्षण बिल का पास न होना राजनीतिक दलों की बड़ी असफलता है। मोदी सरकार इसी असफलता को जनता तो दिखाना चाहती है तो राजनीतिक दल मोदी सरकार की सफलता के बाद असफल बताना चाहते हैं। वह कह रहे हैं कि आरक्षण को 24 से लागू किया जाए, मोदी सरकार ने परिसीमन के बाद महिला आरक्षण को लागू करने का फैसला किया है तो वह उसने कुछ सोच कर ऐसा किया है। इससे यह तो तय हो जाता है कि देश की महिलाओं को कुछ साल बाद सही आरक्षण मिल तो जाएगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा । प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने को सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है। काम अधिक होने से आज आपको भाग -दौड़ करनी पड़ेगी । बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है । आज आपके बिजनेस में एक नया मोड़ आएगा । लवमेट के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे पूरा दिन इंज्वाय करेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम की योजना पहले ही बना लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा । परिवार में आज किसी सदस्य को अच्छी सफलता मिलेगी । नवविवाहित आज जीवनसाथी के साथ मूवी को देखने का प्लान बनायेंगे। रिश्ते में मजबूती आएगी । मंनोरंजन पर आज अधिक पैसे खर्च होने वाले हैं । बॉस आपके द्वारा किये गये काम की लिस्ट को चेक कर सकते हैं। अपनी फाइल को तैयार रखें ।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा । कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें । बिजनेसमैन के लिए नया बिजनेस स्टार्ट करने के लिए आज का दिन शुभ है । किसी मित्र से आज आपकी मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा ।

कर्क राशि- आज आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस साझेदार के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है। आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगी, जो आपके रुके हुये कार्यों को पूरा करने में मददगार साबित होगा। आप पॉजिटिव थिंकिंग रखेंगे, तो अच्छे से अपने कामों को पूरा करने में सफल रहेंगे। ऑफिस के कार्यों में अधिकारियों से मार्गदर्शन मिलता रहेगा । आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा । परिवार के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ कार्यों में कम मेहनत से ही ज्यादा लाभ होने वाला है। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे7 आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग के लिए। आज सफलता भरा दिन है।

कन्या राशि- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा । अपने परिवार के साथ शाम का समय बिताये उनको अच्छा लगेगा। सोचे हुए काम आज खुद के दम पर पूरा करने में सफल होंगे। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे। इस राशि की महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है । संगीत से रिलेटेड संस्था में एडमीशन लेने के लिए आज का दिन शुभ है।

तुला राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा । स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है । कॉलेज में आज आपकी अच्छे एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग की राय आपके रिश्ते में चल रही अनबन को दूर कर देगी। आज कोई कठिन काम भी शुरू कर सकते हैं इसमें सफल होने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपको पैसों के मामले में समझदारी से फैसले करने होंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन फायदा दिलाने वाला रहेगा। समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा । नौकरी या बिजनेस में फायदे के एक से अधिक मौके मिलेंगे। काम काज की गति में बढ़ोतरी होगी । आज किसी दूसरे स्टेट में बिजनेस करने के लिए। आपकी यात्रा के योग बन रहे है । विद्यार्थियों को स्वयं की मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए, सफलता के अच्छे योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आज घर के जरुरत का कोई सामान उपहार दे सकते है।

धनु राशि- आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज आप कोई मीटिंग अटेंड करेंगे । छोटे भाई बहनों की ओर से आपको कोई छोटा सरप्राइज मिल सकता है। आपके रिश्ते में मधुरता आयेगी। किसी भी चीज में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच विचार कर लें, साथ ही किसी एक्सपर्ट की रॉय जरुर ले लें।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर आपको फायदा होगा । स्पोर्ट्स क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं आज प्रैक्टिस में शानदार प्रदर्शन करेंगी। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के कार्यों संबंधित यात्रा हो सकती है।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। क्रिएटिव कामों में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव 2श्हद्म करने का प्रयास करेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है । इस राशि के इंजीनियरों को कार्य स्थल पर कुछ नये बदलाव का सामना करना पड़ सकता है । छात्रों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आए और अपने काम के प्रति सतर्क रहें । आपके परिवार में नन्हें मेहमान के आने का योग बन रहा है। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा । आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।

# कोचिंग सेंटरों को माफिया करार देकर प्रतिबंध की जरूरत

**गंभीर मुद्दा**
**डॉ प्रियंका सौरभ**



आजकल हम आये रोज परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को सुनते है। जैसे ही छात्र आत्महत्या बढ़ती है, हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है। और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न कर सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। जब हम बच्चे थे तो कोई कोचिंग नहीं होती थी। क्या तब छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपजे है और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। कोचिंग सेंटर अक्सर रटने और याददाश्त पर अधिक जोर देते हैं, जो एक




छात्र के दीर्घकालिक शैक्षणिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। परीक्षा-उन्मुख सीखने और निरंतर परीक्षण पर जोर देने से आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं की उपेक्षा हो सकती है। जो छात्र मुख्य रूप से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर रहते हैं, वे जो सीखा है उसका विश्लेषण, मूल्यांकन और वास्तविक जीवन में लागू करने का कौशल हासिल नहीं कर पाते हैं।

दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं। भारत में कोचिंग उद्योग हमारे छात्र समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज को कोई शुद्ध मूल्य वर्धन प्रदान नहीं कर रहा है। हमें स्थापित औपचारिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों पर कोचिंग सेंटर के प्रतिकूल प्रभाव का आंकलन करना होगा। वे पीड़ित है क्योंकि उनके कई नियमित शिक्षक अपनी नौकरी की अपेक्षा करते हैं और अंशकालिक निजी ट्यूशन करते हैं। जो छात्रों को कोचिंग सेंटर के लिए तैयार करने के लिए तैयार करते हैं। कोचिंग केंद्रों के विकास के परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जो अपने छात्रों को शीर्ष ग्रेड और सर्वोत्तम स्कूलों में प्रवेश के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इस वजह से, कई छात्रों में चूहा दौड़ मानसिकता÷ विकसित हो गई है, जिसमें वे सफल होने के लिए अपनी नैतिकता और सिद्धांतों को त्यागने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शन की मांग बढ़ने के कारण धोखाधड़ी और साहित्यिक चोरी सहित शैक्षणिक बेईमानी बढ़ गई है। हमारा शिक्षा उद्योग समाज के सभी वर्गों के लिए उत्पादक रचनात्मक नवीन और प्रगतिशील होना चाहिए। ऐसे उद्योग जो मौजूदा स्थापित संस्थाओं के समानांतर चलते हैं उनके लिए हानिकारक है। जो बड़े पैमाने पर समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप है। कोचिंग उद्योग एक ऐसा उद्योग है जिसने मौजूद क्षेत्र संस्थाओं को अनगिनत नुकसान पहुंचा हैं और ऐसे बेकार की प्रतिस्पर्धा पैदा करके समाज पर आर्थिक बोझ डाला है। जो निराश छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे लक्षणों में प्रकट हो रहा है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचाते हैं। हमारी सरकार को इस कटु सत्य को समझना चाहिए और हमारे समाज के साथ खिलवाड़ करने वाले कोचिंग माफिया पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे समाज ने पारंपरिक रूप से सहयोग और संतुलित प्रतिस्पर्धा का आर्थिक माहौल बनाए रखा है। लेकिन इन कोचिंग सेंटर ने केवल एक भयंकर अस्वस्थकर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है जो धीरे-धीरे और निश्चित रूप से बड़ी संख्या में से प्रभावित छात्रों के बीच रचनात्मक और उधमशीलता की भावना को खत्म कर रहा है। हमारे अभिजात वर्ग को सरकार पर ऐसे कानून लागू करने के लिए दबाव डालना चाहिए। जो देश के सभी कोचिंग सेंटर को खत्म कर दें। कहने की जरूरत नहीं है सरकार को बढ़ती आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए अच्छे मानक के सार्वजनिक संस्थान स्थापित करने चाहिए। स्टार्टअप और उद्यमिता को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने से शैक्षणिक संस्थानों में सिमित सीटों और सरकारी संगठनों में सीमित पैसे और पदों के कारण उत्पन्न होने वाली भारी प्रतिस्पर्धा में भी कमी आएगी। कोचिंग सेंटर पूरी तरह से गैर उत्पादक है और इन्हे यथाशीघ्र कड़ी कार्रवाई से खत्म किया जाना चाहिए। भारत में सभी कोचिंग सेंटर पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# ‘चलो हंसाएं रोते गणेश को’

**गणेश पर्व**
**विजय मिश्रा ‘अमित’**



विगत कई सप्ताह से गणेश स्थापना हेतु मंच एवं पण्डाल के निर्माण एवं सजावट कार्य में जुटे-जुटे थक कर चूर-चूर हो गया था।गणेश जी की स्थापना के उपरान्त थकान मिटाने के लिए घोड़ा बेचकर गहरी नींद में सो रहा था। तभी रात्रि दो बजे के करीब किसी के सिसक-सिसक कर रोने की आवाज से मेरी नींद उचट गई।मैं आंख मलते रोने की आवाज की दिशा में चल पड़ा।आगे जाकर मैंने देखा कि हमारे पण्डाल में विराजे गणेश जी रो रहे हैं।रो-रोकर उन्होंने अपनी आंख और सूंड़ को लाल कर डाला है। मैं हड़बड़ाते हुए अपने कंधे में रखे गमछे से उनके आंसू पोंछते हुए पूछ पड़ा - क्या हो गया गणेश जी? इतना कलप-कलप कर क्यों रो रहे हैं ? मेरा सवाल सुनकर वे सुबकते हुए बोले - वर्ष में एक बार ही तो मुझे तुम लोग बुलाते हो।इसके बावजूद ढंग से मेरा मान-सम्मान भी नहीं कर सकते।इसी बात का पूर्वानुमान लगाते हुए माता पार्वती,भ्राता कार्तिक एवं पिताश्री शंकर ने मुझे समझा बुझा कर भेजा है।भूलोक में आजकल तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं,संभल कर रहना।ज्यादा उल्टा-सीधा मत खा-पी लेना। गणेश जी की ऐसी बातें सुनकर मुझे हंसी आ गई । अपनी हंसी को नियंत्रित करते हुए मैंने पूछा - क्यों गणेश जी,अभी तो हमने आपको कुछ खास खिलाया-पिलाया ही नहीं है, फिर आपको किस बात की पीड़ा है?मेरे प्रश्न का जवाब देने के पहले नाक-भौं सिकोड़ते हुए कहा - यहां बदबू के मारे मेरा सिर फटा जा रहा है।तुम लोगों ने मुझे बजबजाती गंदी नाली और कचरा के डिब्बे के करीब बिठा रखा है। एक तो सड़ते-गलते कचरे की बदबू ऊपर से बड़े-बड़े मच्छरों का हमला। मेरे लिए तो दुबले को दो आषाढ़ जैसी स्थिति हो गई है।तुम लोग ऐसी गंदगी में रहते हो, इसीलिए तुम लोगों को मलेरिया,हैजा, डेंगू कोरोना जैसी व्याधियां घेरती हैं। इतना कहते-कहते गणेश जी ओक-ओक करने लगे।मानो उन्हें जम कर मितली आ रही हो।जैसे-तैसे अपने आपको संभालते हुए उन्होंने आगे कहा- मैंने तो सुना था कि देश में स्वच्छता अभियान चल रहा हैं पर यहां की गंदगी को देखकर तो ऐसा कुछ लगता नहीं।इधर देखों कहते हुए उन्होंने अपने सूंड़ के ऊपर बैठे खून चूसते एक मोटे मच्छर को भगाते हुए कहा- तुम लोग तो खुद मच्छरदानी के अंदर पंखा,कूलर,एसी की हवा खाते आराम फरमा रहे हो और मुझे उमस भरी गर्मी के संग चिपचिपाते पसीना में छोड़ दिए हो गणेश जी की पीड़ा हरने के लिए मैंने उन्हें फुसलाने की कोशिश की। उन्हें बताया कि आप चिन्ता न करें।आपके लिए भी हमने बिजली का कनेक्शन ले रखा है।आपके पण्डाल को रंग-बिरंगे झालर से सजाने की तैयारी हमने की..........। इस पर मेरी बात को बीच में ही काटते हुए गणेश जी चिंघाड़ते बोले - सरासर झूठ बोल रहे हो,मुझे सब पता है कि तुम लोगों ने बिजली का कनेक्शन लेने के बजाय बिजली चोरी की व्यवस्था की हैं।अरे थोड़ी भी तो शर्म करो।पूजा-पाठ जैसे पवित्र कार्य भी क्या तुम बिजली चोरी से करोगे ? ऐसे में तो तुम पुण्य के बजाय पाप के भागीदार ही बनोगे।मै भी इसे सोचते सोचते ऊब जाउंगा। गणेश जी और कुछ सुना पाते,उसके पहले ही उन्हें टोकते हुए मैंने कहा - लम्बोदर महाराज,थोड़ा धीरज तो धरिए।हम आपको बोर होने नहीं देंगे।आपके मनोरंजन हेतु हमने गाने-बजाने की जोरदार व्यवस्था की हैं।नये-नये गाने बजायेंगे। जिसे सुन कर आपका दिल गदगद हो जायेगा। इतना सुनते ही गणेशजी के मुरझाये चेहरे पर मुस्कान की एक लकीर दौड़ पड़ी।वे पूछ पड़े - अरे वाह,तो क्या इस बार मेरे लिए नया-नया भजन तैयार किए हो ? मैं गणेश जी के इस सवाल पर आपा खो बैठा और गुर्राते हुए बोला-क्या ऊटपटांग बात करते हैं गणेशा,जमाना बदल गया हैं,आजकल भजन-कीर्तन सुनने वाले ढूंढने पर भी नहीं मिलते।जहां देखो वहां पूजा पण्डाल में फिल्मी गीत बजते रहते हैं .....चार बोतल वोडका,काम मेरा रोज का। मुन्नी बदनाम हुई।बीड़ी जलाई ले बलमवा जिगर म बड़ी आग है आदि आदि।

मेरे मुंह से ऐसे-ऐसे गानों के बोल सुन कर उन्होंने अपने बड़े-बड़े कानों में उंगली ठूंसते हुए कहा - अरे बाप रे,ऐसे गाने तो मैंने अपने बाप-दादा के जमाने में भी नहीं सुना हैं।इन्हें सुन कर तो मेरे प्राण पखेरू उड़ जायेंगे।तुम लोगों ने ऐसे ही बेढंगे,कानफोड़ू गाना-बजाना से ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा दे रखा है।साथ ही साथ संस्कृति को भी विकृत करते जा रहे हो।अरे जरा सोचो लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने आजादी की लड़ाई के समय नवयुवकों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए गणेश स्थापना की शुरूआत की थी।इस प्रथा के उद्देश्य को ही तुम लोगों ने तहस-नहस कर डाला। इतना कहकर थोड़ी देर चुप्पी साधने के बाद आगे लंबी आहे भरते हुए बोले - बदलते वक्त के साथ मिट्टी से मूर्ति निर्माण करने के बजाय तुम लोगों ने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति बनाना और उसे देशी प्राकृतिक रंगों के बजाय हानिकारक रसायनिक रंगों से रंगने की गलत परम्परा को बल दिया है।ऐसी मूर्तियों को नदी,तालाब में विसर्जित करके तुम लोग जल प्रदूषण को भी बढ़ाने जैसा घृणित कार्य कर रहे हो।इससे न केवल मानव जाति अपितु मेंढ़क,मछली जैसे अनगिनत निरीह जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में भला तुम्हें सुख की प्राप्ति कैसे हो सकती है? गणेश जी की बातें मेरे दिल-दिमाग को झकझोर गई।मेरी आंखें खुल गई। अपनी नासमझी और गलती का अहसास करते हुए मैं गणेश जी के चरणों पर जा गिरा और लिपट कर बोला - आपकी बात सौ फीसदी सत्य हैं।अब ऐसी गलती को बढ़ावा देने के बजाय आपके बताए मार्ग का अनुसरण करेंगे।आपकी सौगंध लेते यह प्रण दुहराता हूं। मेरा प्रण सुन कर गणेश जी की आंखों में बहते दुःख के आंसू खुशी के आंसू में बदल गये।उन्होंने अपना सूंड़ उठा कर खुशी व्यक्त करते हुए ''सुखी भवः'' का आशीष दिया।हम दोनों चैन की नींद में सो गये।

# क्या महसा अमिनी ने जिंदगी यूं ही गंवा दी ?

**विमर्श**
**श्रुति व्यास**

पिछले साल पूरा ईरान तब स्तब्ध रह गया था जब युवा कुर्दिश-ईरानी युवती महसा अमिनी को अपने बाल सार्वजनिक रूप से दिखाने की कीमत हिरासत में मौत के रूप में चुकानी पड़ी थी।उस घटना से ईरान की लड़कियां, किशोरियां और महिलाएं बहुत दुखी और परेशान हुई। वे सड़कों पर उतरीं, उन्होंने अपना गुलूबंद जलाया और बाल कटवाए। पुरूष भी महिलाओं के समर्थन में आगे आए और इसने कई वर्षों में हुए देश के सबसे बड़े सरकार-विरोधी प्रदर्शनों का रूप ले लिया। जैसा कि अनुमान था, इस प्रतिरोध को सख्ती से दबाया गया। ईरान के सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को पीटा, सैंकड़ों मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। दुनिया ने ईरानियों का समर्थन किया और सरकार की कार्यवाही की निंदा की। लेकिन आज एक साल बाद विरोध बहुत कम हो गया है और सरकार अपने दोस्तों, सहयोगियों और दुश्मनों से हाथ मिलाकर अपनी राजनैतिक और आर्थिक स्थिति बेहतर करने में व्यस्त है।

तेल का निर्यात पहले के स्तर तक पहुंच चुका है और इसी सप्ताह ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयार्क पहुंचेंगे। इस बीच ईरान की संसद में एक नया कानून विचाराधीन है जिसके जरिए मोरल पुलिस को पुनर्जीवित किया जाएगा (जिसे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर भंग कर दिया गया था) और वेशभूषा संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर नए दंडों का प्रावधान किया जाएगा।

जो सरकार प्रदर्शनों के शुरूआती दिनों में घबराई हुई थी, उसकी हिम्मत दुबारा बंध गई है।

लेकिन वैश्विक मीडिया के मुताबिक सतह के नीचे अब भी विद्रोह और विरोध जिंदा है। जुलाई में कई ईरानियों ने देश के नेताओं द्वारा आशूरा के मौकेपर आयोजित किए जाने वाले लोकप्रिय धार्मिक जुलूसों का बहिष्कार किया। यह शियाओं का एक बड़ा उत्सव होता है। अभी भी कई महिलाएं सिर ढंकने और सादगीपूर्ण वस्त्र पहनने के कड़े नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। धार्मिक राज्य के प्रति तिरस्कार का भाव, जिसके चलते महिलाओं ने नकाब पहनना बंद कर दिया था, इतना अधिक है कि रूढ़िवादी पिताओं तक ने अपनी बेटियों को उनकी मर्जी के कपड़े पहनने की आजादी दे दी है। और अधिकाधिक लोग कार्ड के बजाए नकद लेनदेन कर रहे हैं ताकि एक ऐसी सरकार, जिसे वे अवैध मानते हैं, को टैक्स न मिले। विरोध प्रदर्शनों और बगावत के पक्ष में माहौल साफ नजर आता है। सरकार की लोकप्रियता और उसके प्रति समर्थन में गिरावट आई है। लेकिन सरकार इस सबसे बेफिक्र है और उसका तानाशाहीपूर्ण रवैया बढ़ता जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनी ने इस्लामिक गणतंत्र का नेतृत्व करने की आकांक्षा त्याग दी है और अब वे केवल एक इस्लामिक सरकार को चलाने की उम्मीद रखते हैं। दूसरी और राष्ट्रपति रईसी अपनी स्थिति मजबूत करने में लगे हुए हैं। वे अपने पूर्ववर्तियों और उनके अनुयायियों ङ्क चाहे वे सुधारवादी हों या कट्टरपंथी ङ्क से दूरी बनाए हुए हैं और सन् 2008 में सुधारो के पक्ष में अभियान चलाने वाले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अभी भी घर पर नजरबंद हैं। बढ़ते नियंत्रणों, बंदिशों, वेशभूषा संबंधी जुर्मानों और गिरती हुई अर्थव्यवस्था के चलते बहुत से ईरानी देश छोड़ रहे हैं। लेकिन चीन और रूस जैसे देश इस कट्टरपंथी सरकार के साथ गठजोड़ और व्यापार बढ़ा रहे हैं। हाल में ईरान को ब्रिक्स में शामिल होने का न्यौता दिया गया और सबसे कट्टर शत्रु ङ्क ईरान और सऊदी अरब ङ्क भी एक दूसरे के निकट आ रहे हैं। इसी माह ईरान और सऊदी अरब ने एक-दूसरे के यहां राजदूत नियुक्त किए। यहां तक कि अमेरिका के साथ चल रहे तनावपूर्ण संबंध भी बेहतर हुए हैं। रईसी अमेरिका के दौरे पर हैं और ऐसी चर्चा है कि अमेरिका के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के संबंध में एक नए समझौते पर बातचीत हो सकती है। ईरानी सरकार अपनी जनता की नाराजगी तो दूर नहीं कर पा रही है लेकिन वह विश्व समुदाय से चल रही तनातनी को कम करने में जरूर सफल रही है। और विश्व समुदाय ङ्क जो एक युद्ध और वैश्विक संकट से जूझ रहा है ङ्क इस कट्टरपंथी और अधिनायकवादी सरकार को झेल रहा है। ईरानी जनता लड़ रही है बल्कि यह कोशिश कर रही है कि महसा अमिनी की मौत बेकार न जाए। लेकिन जहाँ एक समय दुनिया ने जनता के साथ उसके व्यवहार के चलते ईरानी सरकार को बहिष्कृत कर दिया था वहीं आज ईरान की जनता अकेली पड़ गई है।

**सेहत**

# पूरे दिन में वो कौनसा टाइम है, जब आपको कभी भी सेब नहीं खाना चाहिए!

प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर से दूर रखता है ये एक प्रसिद्ध कहावत है. इसका अर्थ है कि रोजाना सेब खाने से डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ती. और ये बात बिल्कुल सच है! सेब में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विभिन्न प्रकार के मिनरल्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पूरे दिन में कुछ ऐसे समय भी होते हैं, जब सेब का सेवन नहीं करना चाहिए? इसका नुकसान भी हो सकता है. आइए जानते हैं कि पूरे दिन में कौन से समय ऐसे होते हैं जब सेब खाने से बचना चाहिए..

**रात को सोने से पहले**-रात को सेब खाने से पेट भारी पड़ सकता है और नींद खराब हो सकती है. सेब में शक्कर और फ्रूक्टोज होता है जो आपके शरीर को सक्रिय बनाए रखता है. इससे नींद आने में दिक्कत होती है. सेब में उच्च फाइबर होता है. रात को खाने से कब्ज जैसी समस्या हो सकती है. गर्म दूध के साथ सेब खाने से पेट भारी पड़ सकता है जिससे नींद खराब होगी. सेब एसिडिटी पैदा कर सकता है जो रात को एसिडिटी और पेट दर्द का कारण बन सकता है.

**खाना खाने के तुरंत बाद** -सेब खाने से पाचन प्रक्रिया पर असर पड़ता है.सेब में उच्च मात्रा में फ्रूक्टोज और शक्कर होता है. भोजन के बाद तुरंत इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है. सेब का एसिड भोजन के पाचन को धीमा कर सकता है और अपच का कारण बन सकता है. इसलिए, खाना खाने के कम से कम 1-2 घंटे बाद ही सेब का सेवन करना चाहिए. यह पाचन तंत्र के लिए बेहतर होगा.

**शाम को** -शाम को सेब खाने से रात में पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं.शाम को सेब में मौजूद शक्कर और फ्रूक्टोज आपकी नींद बिगाड़ सकता है. ये आपको सक्रिय बनाए रखता है. शाम को सेब खाने से एसिडिटी, गैस या पेट दर्द की शिकायत हो सकती है.

### सफेद वॉश बेसिन को साफ करने के लिए अपनाएं ये ट्रिक्स

वॉश बेसिन हमारे घरों का एक अहम हिस्सा होता है. यह न सिर्फ हाथ धोने का काम करता है बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ा देता है, लेकिन सफेद वॉश बेसिन की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह बहुत जल्दी गंदा और फीका पड़ने लगता है. इस पर लगने वाले पानी और साबुन के दाग आसानी से नहीं निकलते.

सफेद रंग पर ये दाग और भी ज्यादा नजर आने लगते हैं. चाहे इसे जितनी बार रगड़ें, ये दाग हटते ही नहीं. बार-बार इसे साफ करना बहुत ही मुश्किल होता है. ऐसे में हमें खास क्लीनिंग प्रोडक्ट्स की जरूरत पड़ती है, जो बजट पर भारी पड़ सकते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं, घर पर भी कुछ चीजों की मदद से हम आसानी से अपने वॉश बेसिन को क्लीन और ब्राइट बना सकते हैं. चलिए यहां देखते हैं.

एक बड़े पानी की बर्तन में गर्म पानी और साबुन मिलाएं और वॉश बेसिन को इसमें भिगोकर रखें. थोड़ी देर बाद, इसे सॉफ ब्रश या कपड़े की मदद से साफ करें.

एक छोटे बाल्टी में लेमन जूस और थोड़ा सा नमक मिलाएं और इस मिश्रण को वॉश बेसिन पर लगाएं. थोड़ी देर के लिए छोड़ दें और फिर साबुन और पानी के साथ साफ करें. लेमन गंदगी को खत्म करता है और चमक लाता है.

एक नजर

## कुर्रा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन 24 को

**अंवरी 21 सितंबर।** ग्राम पंचायत कुर्रा में 24 सितम्बर को निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें शेड निर्माण, नाली निर्माण एवं आश्रित ग्राम खपरी में शीतला मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि मोहन लालवानी वा शरद लोहाना अध्यक्षता नीलम चंद्राकर अध्यक्ष मंडी कुरुद, विशिष्ट अतिथि तारिणी चंद्राकर सभापति जिला पंचायत धमतरी,प्रमोद साहू उपाध्यक्ष मंडी कुरुद, विशाखा साहू, लीना कोसरे, सुमन संतोष साहू सभापति जि. पं. धमतरी, गोविन्द साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, भारत नाहर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, मुकेश कोसरे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,बिसौहा राम,कोमल सिन्हा,हितेश केला, चंद्रलता कोसले, नारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा एवं समस्त पंचगण आदि होंगे। इस अवसर पर जय छत्तीसगढ़ बालमित्र रामधुनी परिवार भाठागांव सिकोसा का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## आरडीए ने सरचार्ज में छूट 15 दिनों के लिए और बढ़ाई

**रायपुर, 21 सितंबर।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवंटितियों की मांग पर बकाया राशि में सरचार्ज की छूट को 30 सितंबर 2023 तक के लिए फिर से बढ़ा दिया है। पहले यह छूट 15 सितंबर तक थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने आवंटितियों की सुविधा एवं सहूलियत के लिए उनकी मांग पर छूट का लाभ 15 दिनों के फिर से बढ़ा दिया है। प्राधिकरण व्दारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से सरचार्ज राशि में छूट की घोषणा की थी। इसके अनुसार कौशल्या माता विहार (कमल विहार) और इन्दप्रस्थ रायपुरा के प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित फ्लैट्स सहित पुरानी योजनाओं में आवंटिति बकाया राशि में एक मुश्त राशि का भुगतान पर सरजार्ज राशि में छूट का लाभ ले सकेते हैं। इसमें आवासीय योजना और व्यावसायिक संपत्तियों में सरचार्ज राशि में क्रमशः 50 व 30 प्रतिशत की छूट दी गई है। उल्लेखनीय है कि कई आंवटिती इस छूट का लाभ उठा कर काफी बड़ी राशि की बचत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आवंटिति अपनी बकाया राशि का भुगतान उनके मोबाईल में प्राप्त डिमांड नंबर के आधार पर ऑनलाईन भी कर सकते हैं।

## नक्सलियों का दोहरा चरित्र तो सबको पता है आज मूलवासी बचाओ मंच का दोहरा चरित्र भी दिख गया

**सुकमा 21 सितंबर।** बीती रात मूलवासी बचाओ मंच के नाम से नक्सलियों के विरुद्ध पर्चा जारी हुआ था जिसमें आदिवासी ग्रामीण कोरसा कोसा की नक्सलियों द्वारा निर्दयता से हत्या पर निंदा जारी किया था। सब जगह मूलवासी बचाओ मंच की तारीफ़हो रही थी के नक्सलियों द्वारा क्रूरता से हत्याओं का अब मूलवासी बचाओ मंच विरोध करने लगा है मगर अफ़सोस फिर एक बार अपना दोहरा चरित्र दिखाते हुए मूल वासी बचाओ मंच इस बात का खंडन कर दिया के हम नक्सलियों द्वारा आदिवासियों की हत्याओं का विरोध नही करते। इसका मतलब मूलवासी बचाओ मंच नक्सलियों के इशारे पर काम करने वाला नक्सलियों का विंग है। मै सरकार प्रशासन एवं पुलिस से अपील करता हूँ नक्सलियों के विंग होने का सबूत खुद मूलवासी बचाओ मंच ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कर दिया है अतः सरकार प्रशासन एवं पुलिस से मेरा निवेदन है मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगायें क्योंकि मूलवासी बचाओ मंच नक्सलियों की ताक़त बढ़ाने का काम करेगा और यह बस्तर मे अशांति फैलाने का संकेत है। बस्तर की जनता से भी अपील है मूलवासी बचाओ मंच के दोहरे चरित्र को पहचाने एवं मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगाने आवाज़ बुलंद करें।

## पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय का निर्णय राज्य सरकार के गाल पर एक जोरदार तमाचा : साव

**रायपुर21 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय के निर्णय को राज्य सरकार के गाल पर एक जोरदार तमाचा बताया है और इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराने की मांग की है। श्री साव ने कहा कि प्रदेश के युवा और भाजपा लगातार इस घोटाले को लेकर आवाज उठा रही थी, लेकिन राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार ने इस पर जाँच के आदेश नहीं दिए। परंतु अब न्यायालय के निर्णय के बाद यह सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। वैसे भी प्रदेश के लाखों युवा इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने का संकल्प ले चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि वर्ष 2021 की लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के परिणाम में मेरिट में आने वाले प्रतिभागियों में से ज्यादातर अधिकारी और कांग्रेस नेताओं के सगे-संबंधी थे। इस मामले में भाजपा ने जोर-शोर से आंदोलन भी चलाया था। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री ननकीराम कँवर की याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने माना है कि पीएससी के आज सेवानिवृत्त हुए अध्यक्ष टामन सोनवानी के पुत्र, उनकी पुत्रवधु, भतीजे, भाई-बहू, भांजी का चयन हुआ है।इसी प्रकार अधिकारियों के बेटे-बेटियों व कांग्रेस नेताओं के सगे-संबंधियों का चयन बड़ी संख्या में किया गया है।श्री साव ने कहा कि इस भाई-भतीजावाद के कारण प्रदेश के मेहनती और योग्य उम्मीदवारों का चयन नहीं हो पाया। उच्च न्यायालय ने श्री कँवर की शिकायत को सही पाया है।

# चक्रधर समारोह के मंच पर दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** चक्रधर समारोह का मंच इस बार स्थानीय स्कूली बच्चों के लिए भी समर्पित रहा। युवा सहभागिता के तहत आज रायगढ़ निगम ऑडिटोरियम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक छटा बिखेरते नजर आए। चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति को नृत्य के माध्यम से स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। राउत नाचा से लेकर सुआ, ददरिया, कर्मा जैसे विभिन्न स्थानीय सांस्कृतिक नृत्यों के साथ देश के विभिन्न राज्यों के ओड़िशी, गुजराती बिहू जैसे सांस्कृतिक नृत्यों की झलक भी देखने को मिली। स्कूली बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति का शहरवासियों ने आनंद उठाया और बच्चों का उत्साहवर्धन भी किए। उल्लेखनीय है कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की पहल द्वारा इस वर्ष चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली एवं नवोदित कलाकारों को बड़ी संख्या में अवसर दिया जा रहा हैं।



कार्यक्रम के शुरूआत में एमएसपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत भारत मां की जय बोलव रे, छत्तीसगढ़ की जय बोलव, तिरंगा झंडा लहराए जावथे, जन-गण-मंगल के धुन गावथे पर छत्तीसगढ़ी नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। न्यू होराइजन स्कूल के बच्चों ने झुलना मा झूले... छत्तीसगढ़ी लोक गीत पर कर्मा नृत्य की जबरदस्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की इस कड़ी में जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने ओडिशा की संबलपुरी नृत्य से दर्शकों का दिल जीता।

बच्चों ने संबलपुर की समलाई माता की आराधना करते हुए लोक परंपरा को प्रदर्शित किया। इसी के साथ ही सेन्ट जेवियर स्कूल के बच्चों ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, राजस्थान में ढोला मारू की प्रेम गाथा को लोक-गीत के माध्यम से गाते हुए एवं नृत्य किया जाता है, जिस पर बच्चों ने गोपाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थानी घूमर, ढोला मारू की प्रेम गाथा एवं कालबेलिया में रंगीली नागन नृत्य से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं गुजरात की लोक प्रिय गरबा नृत्य, जिसे नवरात्रि के अवसर पर देश के साथ छत्तीसगढ़ में देखने को मिलता है, जिसकी खूबसूरत झलक आज गार्जेयन एंड गाइड के बच्चों ने मंच में दिखाई, जिसका निर्देशन प्रीति सोनी एवं रोशनी यादव ने की थी। देश की पूर्वोत्तर राज्य असम में प्रचलित बिहू नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखे। जिसकी मनमोहक प्रस्तुति सेंट टेरेसा स्कूल के बच्चों ने दी। ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल के बच्चों ने श्री योगेश मित्तल के निर्देशन में झांसी की रानी खूब लड़ी मर्दानी पर प्रस्तुति दी।

चक्रधर समारोह के मंच स्कूलों बच्चों के नृत्यों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखी। यहां रायगढ़ के अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर संयुक्त रूप से ग्रुप के माध्यम से बेहद मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसमें कार्मेल कन्या रायगढ़ की छात्राओं ने राज्यगीत 'अरपा पैरी की धार' पर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। साथ ही छत्तीसगढ़ी पर्व की झलक को कर्मा एवं सुआ नृत्य के माध्यम से पेश किया।

# बगनई नरवा विकास से भू-जल स्तर में बढ़ोतरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 21 सितंबर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा अऊ बाड़ी योजना के तहत नरवा विकास को जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। नरवा विकास के तहत उपचार योग्य 44 नरवा, नालों का जीर्णोद्धार किया गया है। विदित हो प्राकृतिक रूप से बहने वाले नरवा/नाला प्रकृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो आज किसी कारणवश विलुप्त होते जा रहे है अथवा जलस्तर की कमी की वजह से क्रियान्वित नहीं है। नरवा/नाला प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल का एक उत्तम स्त्रोत है, जो अपने आस पास में लगे राजस्व भूमि में सिंचाई की सुविधा प्रदान करता है एवं वन्यजीवों को भी जल उपलब्ध कराता है। नरवा विकास के तहत नरवा/नाला के जीर्णोद्धार से कृषकों एवं वन्यजीवों, साथ ही साथ जलस्तर में वृद्धि करना नरवा विकास का मूल संकल्प है। इसी तारतम्य में नरवा विकास के तहत महासमुंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र बागबाहरा अंतर्गत वर्ष 2020-21 में बागबाहरा परिक्षेत्र के आमाकोनी परिवृत्त के परिसर चोरभट्ठी के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 103, 105, 106 बगनई नाला को उपचारित किया गया, बगनई नाला की कुल लंबाई 15.00 किमी. है एवं जल संग्रहण क्षेत्र का रकबा 802.00 हेक्टेयर है। जिसमें वन क्षेत्र का भू-जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण का उपचार किया गया। बगनई नाला के सुधार के लिए ब्रशवुड वेकडेन (160 नग) एवं डाईक (5 नग) संरचना के निर्माण किया गया। बगनई नाला के सुधार कार्य में ग्राम चोरभट्ठी के ग्रामवासियों को 2748 मानव दिवस के



आधार पर 80 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उक्त निर्मित संरचना से लगभग 13.00 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई में सहयोग मिला है, जिससे लगभग 10 से 12 कृषक लाभान्वित हुए है। फलस्वरूप कृषक दोहरे फसल लगा रहे है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई। नरवा विकास वर्तमान ही नहीं अपितु भविष्य में जल की कमी की समस्या को दूर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। नरवा विकास योजना से बगनई नाला के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया, बगनई नाला के जल स्त्रोतों को उपचारित करने से भूमि जल स्तर में सुधार एवं मृदा क्षरण को रोकने में अपनी महती भूमिका निभाई है। जिससे भू जल आधारित स्त्रोतों जैसे कुआ, बोर, हैंडपंप आदि में लम्बे समय तक जल उपलब्ध रहेगा। भू जल स्तर रकबा में वृद्धि के साथ जैव विविधता की स्थिति बेहतर हो रही है, वन्य प्राणियों के वनक्षेत्र के बाहर आबादी क्षेत्र में आने से होने वाली घटनाओं में कमी हो रही है, उक्त योजना से वनक्षेत्र में जल वृद्धि होने से वन्य प्राणियों के लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है।

## आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम प्रारंभ

**महासमुंद 21 सितंबर।** छात्रों में उद्यमी विश्वास एवं कौशल विकसित करने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रम के तहत मिरर एंड मड आर्ट, महाविद्यालय के सभा कक्ष में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल (डी.लिट.) के मार्गदर्शन में प्रशिक्षिका निधि अग्रवाल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में किया गया। उद्घाटन समारोह में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम आधुनिक शिक्षा के एक आवश्यक घटक के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो गए हैं। ये कार्यक्रम छात्रों को नए कौशल हासिल करने और मौजूदा कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, अंततः उन्हें करियर की सफलता और व्यक्तिगत जीवन के लिए तैयार करते हैं। नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा ने कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना औद्योगिक और उद्यमशीलता कौशल विकसित करना, उद्योग की मांगों और कौशल आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना है। छात्रों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है, जिसमें रोजगार क्षमता में सुधार, व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना और समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. श्रुति झा (सहायक अध्यापक- अंग्रेजी) ने किया। कार्यक्रम में तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य), संतोष कुमार बंजारे (सहायक प्राध्यापक- समाजशास्त्र), मुकेश सिन्हा (व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन), निलेश कुमार तिवारी (व्याख्याता-गणित), शिखा साहू (व्याख्याता-भौतिक शास्त्र), माधुरी दीवान (व्याख्याता -वाणिज्य), चित्रेश बरेठ ( व्याख्याता-रसायन विज्ञान), केमिका चंद्राकर (व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान) आदि उपस्थित रहे।

# जनता की मदद के बिना सामाजिक बुराई का अंत संभव नहीं:तपन चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 21 सितंबर।** कुरूद नगर पंचायत एवं आसपास के अनेक गांवों में नशीली गोलियां और अवैध शराब बिक्री से तो इंकार नहीं किया जा सकता. मैं खास कर कुरूद नगर में एक अभियान चलाया था नशीली गोलियां विक्रय के खिलाफ बल्कि 100 लोगों की एक टीम भी बनाई थी. जिनकी बैठक लेकर कई निर्णय भी लिए थे.परंतु पुलिस प्रशासन का उचित सहयोग नहीं मिल पाया. एक और बात है कि लोग भी सामने आने से डरते हैं. वास्तव में नशीली गोली और शराबखोरी एक सामाजिक बुराई है. जनता की मदद के बिना सामाजिक बुराई का अंत संभव नहीं है. उपरोक्त बातें नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने प्रेस क्लब द्वारा आयोजित ÷क्षेत्र की बात-जनसेवक के साथ÷ कार्यक्रम के दौरान ग्राम भरदा में कहीं. पत्रकारों के एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य से मात्र जन सेवा है और वे छात्र जीवन से ही राजनीति कर रहे हैं. बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसमें



केंद्र सरकार की अहम भूमिका होती है.जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से महंगाई लगातार पड़ी है. पेट्रोल, गैस, इस्पात सही सभी वस्तुओं के दाम बढ़े. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पात्रता रखने वाले और जरूरतमंद शिक्षित बेरोजगार को ही भत्ता मिले, इसलिए गरीब रेखा के नीचे वाली शर्त रखी है. तपन चंद्राकर ने पत्रकारों के सवाल की जवाब में कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर तो कार्यवाही होनी चाहिए उन्होंने मगर लोड थाने सहित विभाग में भी अपनी बात ही रखी लेकिन दोषियों के खिलाफ पुलिस ही कार्यवाही नहीं करती महंगाई बेरोजगारी शिक्षा के व्यवसायीकरण महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस के आवाज नहीं उठाने के प्रश्न पत्र करने कहा कि इसके खिलाफ कांग्रेस 5 बार सड़क पर उतर चुकी है और भारत जोड़ो यात्रा भी उसका एक हिस्सा थी ओबीसी आरक्षण के संबंध में कहा कि भूपेश सरकार तो छत्तीसगढ़ में भी ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहती है लेकिन मामला कोर्ट में लंबित है और इसके आगे की जानकारी नहीं है नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चुनावी तैयारी चल रही है.बूथ और सेक्टर लेवल पर कार्यकर्ता तैयार कर लिए है.उनके घरों में नेम प्लेट भी चिपका दिए हैं. कांग्रेस अपनी जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर चुनाव में उतरेगी और अब तो 20 क्विंटल धान खरीदने का भी वादा कर चुकी है.कुरूद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति बेहतर है।

भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन

# भक्तों का मान रखने नारायण ने कारागार में लिया जन्म:आचार्य श्याम

**पत्थलगांव 21 सितंबर।** अग्रसेन भवन मे गर्ग व डाहौलिया परिवार द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन की शुरूवात कृष्ण की लीलाओ के वर्णन के साथ हुयी। कृष्ण जन्मोउत्सव के कारण श्रोताओ ने आज पितांबर वस्त्र धारण किये हुये थे,कथा स्थल श्रोताओ की संख्या से खचाखच भरा हुआ था,आयोजक परिवार के वरिष्ठ सदस्य हरगोविंद अग्रवाल ने बताया कि सात दिन की पितृमोक्ष गया भागवत पूर्वजो के श्राद्ध एवं मोक्षार्थ हेतु गर्ग एवं डाहौलिया परिवार द्वारा आयोजित करायी जा रही है,जिसमे पत्थलगांव के अलावा हरियाणा राजस्थान से भी परिवार के श्रोता यहा आये हुये है। ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने कृष्ण जन्म से पूर्व श्रोताओ को कृष्ण की लीला के संबंध मे ज्ञान कराया। दरअसल आज भागवत ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन समुद्र मंथन,वामन चरित्र,राम



जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्मोउत्सव का आयोजन हुआ। भागवत कथा निश्चित समय पर दोपहर 3 बजे पश्चात शुरू की गयी,ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने बलि वामन प्रसंग के संबंध मे श्रोताओ को बताया कि राजा बलि के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान वामन अवतार लिये और राजा बलि की परीक्षा ली जिसमे उन्होने तीन पैरों में सारा संसार नापकर अपने असली रूप के दर्शन दिये। आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने श्रोताओ को बताते हुये कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है,आज का इंसान भगवान राम का एक चरित्र भी अपने जीवन में उतार ले तो उसकी जिदगी सफल हो सकती है। भगवान राम के जीवन में अनेक दुख आने पर भी उन्होंने न तो कभी धैर्य छोड़ा और न ही कभी मर्यादा का उल्लंघन किया। उसके पश्चात आचार्य ने कृष्ण की लीलाओ को लेकर भजनो की प्रस्तुति दी। वे बताते है कि जब कंस के अत्याचारो से चारो तरफ त्राहि-त्राहि मची हुयी थी,उस दौरान भगवान विष्णु ने माता देवकी की कोख से जन्म लेकर कंस के अत्याचार से इस लोक को मुक्ति दिलायी। उन्होने बताया कि कंस को अपना वध करने वाले बालक का ज्ञान एक आकाशवाणी के जरिये पूर्व मे ही प्राप्त हो गया था।। बहन बहनोयी को डाला कारागार मे- आचार्य श्याम नारायणाचार्य बताते है कि मृत्यु के डर से कंस ने अपनी बहन देवकी व बहनोयी वासुदेव को कारागार मे डाल दिया था,उन्होने बताया कि देवकी का आठवां पुत्र कंस का काल बनने वाला था,आठवां पुत्र के कारागार मे जन्म लेने के समय भगवान की लीला के अनुरूप कारागार के सभी बंद फाटक स्वयं ही खुल गये थे,जिससे की वासुदेव अपने पुत्र को यमुना पार कराकर उसे नंदलाल बाबा के यहा छोडकर आ गये।

समाचार संक्षेप

## नारी शक्ति वंदन विधेयक के लिए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**महासमुंद 21 सितंबर।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए महिला आरक्षण नारी शक्ति वंदन बिल विधेयक का स्वागत करते हुए इसके लिए जिला महिला मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने हमेशा से ही देश के विकास में महिला शक्ति को आगे लाने का प्रयास किया है, और इसी कड़ी में महिला आरक्षण बिल लागू होने पर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। जिससे देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महिलाओं की शक्ति बढ़ेगी, साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी जागृत होगा। श्रीमती साहू ने कहा कि देश की महिलाओं की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ने साहसिक निर्णय लिया है। इस विधेयक ने कई वर्षों तक बाधाओं का सामना किया। सरकार ने मंगलवार को नये संसद भवन में कार्यवाही के पहले दिन लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक 'नारीशक्ति वंदन विधेयक' को निचले सदन में पेश किया। विधेयक के प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि इसके कानून बनने के बाद कराई जाने वाली जनगणना के आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए परिसीमन की कवायद या निर्वाचन क्षेत्रों के पुनः सीमांकन के बाद ही आरक्षण लागू होगा। सुधा साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाया है। सर्व वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्य योजना बनाकर धरातल पर उतारा है। मोदी सदैव महिलाओं की सम्मान व अधिकार को लेकर चिंतित रहे हैं। आज देश की समस्त महिलाएं प्रधानमंत्री द्वारा लिए जा रहे महिलाओं के हित के फैसलों से उनका धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का आशीर्वाद सदैव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहेगा।



## कला मंच का लोकार्पण किया तपन ने



**कुरूद 21 सितंबर।** तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद के मुख्य आतिथ्य में ग्राम चरोटा (ठाकुर पारा) में मंगलवार को कला मंच का लोकार्पण किया गया तथा मोर संगवारी लोक कला मंच भोथली की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत चरोटा के कला मंच के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जन जीवन में और यहां के तीज त्यौहार , संस्कृति में कला का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, जो यहां कि परंपराओं से भी परिपूर्ण है और ग्राम पंचायत चरोटा के कलाकार छत्तीसगढ़ की कला को पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक ले जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंस फलेन्द्र सिन्हा जनपद सदस्य कुरुद एवम विशिष्ट अतिथि योगेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत चरोटा, परमेश्वरी बंजारे उपसरपंच, दुलेश्वर साहू पूर्व सरपंच व ग्रामीण अध्यक्ष लोहारापथरा,पारथ नेटी ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, सनत पटेल ग्रामीण सचिव चरोटा, रूपराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, रेखराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, चन्द्र कुमार नेताम ग्रामीण पटेल चरोटा, घनश्याम साहू अध्यक्ष साहू समाज, श्रीमती खिलेश्वरी राय आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, मुकेश साहू शिक्षक भेण्डरा, डां. साई राम महोबिया, डां. संजय साहू कोर्रा, श्रीमती मंजूबाला बोरकर शिक्षिका आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष पोषण साहू, सचिन रूपेश कुमार, कोषाध्यक्ष राम नारायण एवं सदस्य गण भीमरास सेन, चूड़ामणि, यशपाल नेटी, रूप कुमार नेटी, अमित, शेखर, थानेश्वर, प्रवीण, सहित राजीव युवा मितान क्लब चरोटा (लोहारपथरा), आल द बेस्ट गणेशत्सव समिति ठाकुर पारा, एवं समस्त ग्रामवासी चरोटा का सराहनीय योगदान रहा।

## 1 लाख ईनामी मिलिशिया कमाण्डर सहित 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा 21 सितंबर।** सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत विश्वास, विकास एवं सुरक्षा की भावना एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण , अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 06 नक्सलियों क्रमशः सुक्का (मिलिशिया कमाण्डर एलमागुण्डा आरपीसी. 01 लाख ईनामी छ0ग0 शासन द्वारा), 02. मंगा (मिलिशिया सदस्य, एलमागुण्डा आरपीसी. अन्तर्गत),03. सन्ना (मिलिशिया सदस्य, एलमागुण्डा आरपीसी. अन्तर्गत), 04. लखमा (मिलिशिया सदस्य, एलमागुण्डा आरपीसी. अन्तर्गत), 05. नंदा (डीएकेएमएस सदस्य, एलमागुण्डा आरपीसी. अन्तर्गत),06. कोसा (डीएकेएमएस सदस्य, एलमागुण्डा आरपीसी. अन्तर्गत), के द्वारा आज दिनॉक 18.09.2023 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री मौली मोहन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 131 वाहिनी सीआरपीएफएवं श्री उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली थाना चितागुफा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की पुनर्वास योजना के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदाय किया जायेगा।

## महापौर ने महादेवघाट विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**रायपुर 21 सितंबर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में महादेव घाट स्थित विसर्जन कुंड की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर ने श्रीगणेश विसर्जन के पूर्व सुचारु व्यवस्था शीघ्र कायम करने सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्रता से विसर्जन कुंड को भरवाया जाना सुनिश्चित करवाने अतिरिक्त संख्या में ज्यादा हॉर्स पावर पंप लगाने के निर्देश दिये है।

## एक नजर

### मिशन इन्द्रधनुष अभियान द्वितीय चरण का आयोजन 26 तक

**बालोद, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन के निर्देशानुसार जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को टीकाकृत करने के उद्देश्य से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण का आयोजन 21 से 26 अगस्त तक आयोजित किया गया। द्वितीय चरण का आयोजन 20 सितम्बर से 26 सितम्बर तक (रविवार को छोड़कर) आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम अन्तर्गत नियमित टीकाकरण से छुटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित कर टीकाकरण किया जावेगा। इस हेतु सभी विकासखण्ड में टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। सभी आम नागरिकों से अपील किया जाता है कि आपके घर या आसपास के क्षेत्र में जो भी पात्र बच्चे या गर्भवती महिलाएं जो टीकाकरण से छुट गए हैं उन्हें अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र तक जाने हेतु प्रेरित करें।

### अवैध शराब परिवहन पर कलेक्टर सख्त 4 माह में 123 वाहन किए गए राजसात



**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने अवैध शराब परिवहन पर सख्त कार्रवाई करतें हुए आबकारी विभाग के तहत जप्त वाहनों पर कोर्ट के माध्यम से सुनवाई करते हुए 4 माह के भीतर ही कुल 123 वाहनों को राजसात करनें के आदेश दिए है। उक्त वाहनों में लगभग 121 दुपहिया वाहन एवं 2 चारपहिया वाहन शामिल है। कलेक्टर ने अपने कोर्ट के माध्यम से अब तक कुल 160 प्रकरणों पर सुनवाई की प्रकिया पूरी कर ली है। उक्त कार्रवाई कलेक्टर ने आबकारी अधिनियम धारा 47 क(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग करतें हुए किए है।

### मोदी सरकार ने किया नारी शक्ति का सम्मान : दीपा साहू

**बालोद, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा



संसद में महिला अरक्षण बिल पेश किया गया। वहीं इस नारी शक्ति वंदन विधेयक नाम दिया। इस ऐतिहासिक पल पर भाजपा जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीपा साहू ने कहा यह एक इतिहासिक पल है। इस विधेयक के बारे में अभी तक किसी ने नही सोचा लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोचा और यह बिल पेश किया। अब देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इस पेश हुए बिल से महिलाओं को अधिक नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा पहली बार 1996 में महिला आरक्षण से जुड़ा बिल पहली बार पेश हुआ था।मै इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देती हूं। दीपा साहू ने कहा छत्तीसगढ़ में भी जब भाजपा की सरकार थी तब पूर्व पंचायती राज अधिनियम में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण दिया गया था। जिससे महिलाओं को नेतृत्व करने का मौका मिल रही है।

### मतदाता जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों में किया गया विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बालोद, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। इसके अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डीलोहारा, शासकीय हाई स्कूल खुन्दनी गुरूर, माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद, शासकीय नवीन महाविद्यालय घोटिया, शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी, शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, नवीन महाविद्यालय बासीन, शासकीय हाईस्कूल जुंगेरा, आदि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं पर चित्रकला, रंगोली, स्लोगन बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अलावा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोरतरा में ईव्हीएम प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की।

# मतदान केन्द्रों के भवन, स्थल व नाम परिवर्तन के प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में दी गई जानकारी

**बालोद, 21 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले के मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन के प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान अनुमोदित मतदान केन्द्रों में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के पूर्व आवश्यक कारणों से भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन की प्रस्ताव चाही गई है। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार बालोद जिले में मतदान केन्द्रों के भवन, मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्रमांक 59 संजारी बालोद में मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन की कुल संख्या 11 एवं विधानसभा क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में 12 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में 04 है। इस तरह जिले में मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन की कुल संख्या 27 है। इसी तरह मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन की संख्या के अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में 01 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में 04 है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में 02 मतदान केन्द्रों का स्थल परिवर्तन किया गया है।

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक**



बैठक में शर्मा ने बताया कि जिले में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 814 है, पूर्व में जिले में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 815 थी। मतदान केन्द्रों की युक्तिकरण के पश्चात् डौण्डीलोहारा के दल्लीराजहरा स्थित 01 मतदान केन्द्र का विलोपन किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के अंतर्गत कुल 407 मतदान केन्द्रों का वेबकास्टिंग किया जाएगा। इसके अंतर्गत इन मतदान केन्द्रों के पूरे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में किया जा सकेगा। इसके अलावा जिले के कुल 05 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के एक-एक मतदान केन्द्रों का संचालन महिला मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के एक मतदान केन्द्र का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा।

शर्मा ने बताया कि जिले में दिव्यांग मतदाता 6361 हैं तथा 80 वर्ष से अधिक के आयु की वरिष्ठ मतदाओं की संख्या 4554 है। इसके साथ ही 18 से 19 वर्ष के आयु के मतदाताओं की संख्या 25986 है। तथा सेवाकर्मियों की संख्या 2670 है। शर्मा ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 हेतु 02 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा एवं 04 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 11 सितम्बर तक प्राप्त फार्म-06, फार्म-07 एवं फार्म-08 के संबंध में जानकारी दी।

# एक घंटे की बारिश में ही सड़कें बनी तालाब नालियों में ढाल नहीं होने से बढ़ी दिक्कतें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 21 सितम्बर।** गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन आज बुधवार को शाम छह बजे 1 घंटे तक तेज बारिश हुई। वहीं तेज गर्जना और बिजली भी लगातार चमकती रही, इस तेज बारिश से कसडोल नगर की सड़कें पानी से लबालब हो गया। पिथौरा मार्ग में बलार रोड चौक के पास तथा गिधौरी मार्ग में जगन्नाथ पेट्रोल पंप के पास सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है।

नालियों की सफाई ठीक ढंग से नहीं होने के कारण नालियां जाम हो गयी है और सड़क के ऊपर बारिश का पानी तो बह ही रहा है साथ ही नाली का गंदा पानी भी सड़क के ऊपर बहने के कारण बदबू से राहगीर हलाकान हैं।

राहगीर इस गंदे पानी से चलकर आ जा रहे हैं क्योंकि अभी तीजा पर्व चल रहा है इस वजह से लोगों का



आना-जाना एकाएक बढ़ा हुआ है और बाजारों में भी खरीददारों की भीड़ है जो जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

**नालियां बनी लेकिन ढाल नहीं इसलिए दिक्कत:** कसडोल नगर पंचायत में नालियां तो बनाई गई है पर उन नालियों में ढाल नहीं होने की वजह से गंदा पानी घरों के सामने जमा हो जाता है। अनेकों बार शिकायत करने के बाद प्रत्येक पंचवर्षीय योजना में नालियों का पुनर्निर्माण किया जाता है फिर भी समस्या जस की तस है। कसडोल नगर पंचायत में पदस्थ इंजीनियर इतने काबिल हैं कि पूछो ही मत। नालियों में गुणवत्ता की कमी और उसमें ढाल नहीं होने की वजह से बारिश का पानी और घरों से निकला गंदा पानी आगे नहीं बह रहा है। इसलिए पानी सड़क के ऊपर बह रहा है और नालियां भी जाम है। जगह-जगह गंदा पानी और कचरा नालियों में फंसा हुआ है। कसडोल नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को कुछ भी कहना बेकार है। जब बिजली विभाग बरसात के पूर्व, गर्मी के दिनों में मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद करके पेड़ -पौधों की कटाई छंटाई करता है उसी समय कसडोल नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को भी प्रत्येक वार्ड की नालियों की सफाई कर देनी चाहिए जो कि होता नहीं है।

# 98 पौवा देशी मदिरा के साथ युवक गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 सितम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं।

विवरण इस प्रकार है कि 20 सितम्बर को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि एक नीले रंग का टी शर्ट पहना व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम जोता पुल के पास अवैध रूप से शराब बिकी हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह तिल्दानेवरा पुलिस स्टाफ के रवाना होकर मुखबिर सूचना से अवगत कराकर नोटिस देकर सहमति प्राप्त कर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम सलमान खान उर्फ खुर्शीद आलम पिता याकुब खान उम्र 27 साल सा0 वार्ड क्र.9 मखहूम नगर धरसीवा, थाना धरसीवा, जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 98 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब रखा मिला जिसे गवाहों के समक्ष बरामद कर सलमान खान उर्फ खुर्शीद आलम को उक्त शराब रखने के संबंध में वैध कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई दस्तावेज नही होना लिखित दिया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक के बोरी के अंदर रखा 98 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई कुल मात्रा 17.640 लीटर कीमती 10780/ रू को समक्ष गवाहान् जप्त किया गया जाकर आरोपी का उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार सूचना परिजनों को दिया जाकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया जहाँ जेल वारंट बनने पर जेल भेजा गया।

# खपरी एस में सीसी रोड निर्माण का किया गया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 सितम्बर।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत (खपरी एस) में 6 लाख, की लागत से बनाने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन सतीश अग्रवाल, विषेश अतिथि पूर्व विधायक चैतराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी, वरिष्ठ कार्यकर्ता लिलेश्वरी साहू, सभी के द्वारा धरती मां का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर भूमिपूजन कर समस्त क्षेत्रवासियों को के लिए सुख शांति और समृद्धि का कामना किया। मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा की कांग्रेस की सरकार हमेशा अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर अपनी योजना बनाती हैं। आगे कहा की भूपेश बघेल की सरकार ने नए राशन कार्ड बनाए साथ ही राशन की मात्रा बढाई, जबकि रमन सरकार ने अपने ही बनाए माता बहनों के राशन कार्ड को फर्जी बताकर काट दिया। हमर कांग्रेस सरकार के द्वारा बिजली बिल हाफ बेरोजगारी भत्ते जैसे योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। सभी ग्रामीणजनों को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सुनील चौधरी सरपंच, खूमेश साहू उपसरपंच, भूनेश्वर साहू गौठान अध्यक्ष, शोभूराम साहू पंच, दिलीप दास पंच, प्रेमलाल साहू, मिलाराम साहू, नीतू यादव, भागवत साहू, अमरनाथ साहू, पिरितराम साहू, केदार मिश्रा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### सटोरिया को गिरफ्तार भेजा गया जेल,46 हजार रुपए जब्त



**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संम्पन कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है कि 20 सितम्बर को थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे थाना पलारी के द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम संडी में बस स्टैण्ड के पास आरोपी मोहित भारती पिता धनीराम भारती उम्र 21 वर्ष सा. ग्राम गातापार को लोगो को सटटा नामक जुआ खेलाते मिलने पर रंगे हाथ पकडा गया उपरोक्त के विरूद्ध धारा 06 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से (1) सट्टा पट्टी 01 पन्ना (2) सटटा का नगदी रकम 3530 रू. (3) डाट पेन (4) इस्तेमाली कार्बन (5) एक रियलमी नारजो मोबा. फोन 50 आई जिसका आईएमईआई नंबर 860633052547731, 860633052547723 है जिसमे एक जियो सिम नंबर 6268041908 लगा हुआ है कीमती 8000/रूपये (6) एक टीविएस अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 टी 5370 किमती लगभग 35000 रूपये को जप्त कर धारा 6 छ.ग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर, प्र0आर0 63 मो0 अरशद खान एवं प्र0आर0 77 नवीन कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

### 40 पाव देशी मसाला शराब के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने अवैध कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अवैध कार्यो में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाही की जा रही है, कि 20 सितम्बर को मुखबिर सूचना पर ग्राम कुथरौद शमशान घाट के सामने रोड पर वीरेंद्र कुमार ध्रुव उर्फफर्जी पिता जगन्नाथ ध्रुव उम्र 26 वर्ष निवासी मानपुर थाना नेवरा जिला रायपुर को अवैध रूप से स्कूटी एक्टिवा सीजी-04-डीजेड-2484 में बिक्री के लिए बोरी में 40 पाव देशी मशाला शराब कुल 7.760 बल्क लीटर कीमती रुपये परिवहन करते ले जाते पाए जाने पर अवैध शराब एवं स्कूटी को जप्त कर आरोपी वीरेंद्र ध्रुव को मौके पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 175/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नकुल सिंह ठाकुर, सउनि पवन कुमार सिन्हा, आरक्षक 432 सहदेव पटेल, करण साय पैकरा, शांतनु डहरिया शामिल थे।

## समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# दिव्यांग मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 21 सितंबर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कार्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में जिले के दिव्यांग मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ दिलाई।



इस अवसर पर शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस दौरान कलेक्टर ने जिले के सभी दिव्यांग मतदाताओं को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के अलावा अपने परिजनों तथा आस-पास एवं परिचित के लोगो को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील भी की। उन्होने बालोद जिले में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु दिव्यांग मतदाताओं को महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने को कहा।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, दिव्यांग मतदाओं के मतदान आईकॉन, हरि राम कोर्राम, छत्तीसगढ़ दिव्यांग मंच के प्रदेश प्रभारी शिव साहू, छत्तीसगढ़ दिव्यांग मंच के प्रदेश मिडिया प्रभारी दिगम्बर सोनबोईर सहित उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए देश के प्रत्येक मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि पिछले आम निर्वाचनों में जिले के दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत सराहनीय रहा है। जिले के दिव्यांग मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल**
**सिहावा भवन परिसर, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eprocurement portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 147511/निविदा सूचना क्रमांक 10/पलेलि/2023-24, गरियाबंद, दिनांक 15.09.2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 06.10.2023 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम : गरियांबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर की पैरी परियोजना अंतर्गत पैरी दांयी तट नहर की खट्टी माईनर के आर.डी. 0 से 3900 मी., कुरूद सब माईनर के आर.डी. 0 से 990 मी. की रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 02 नग व्ही.आर.बी., 21 नग आउटलेट का निर्माण एवं पुराने संरचनाओं का मरम्मत कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 176.77 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.09.2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते अधीक्षण अभियंता जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल, रायपुर, (छ.ग.)

जी-05468/5



# महिला समृद्धि सम्मेलन


21 सितम्बर, 2023 | जयंती स्टेडियम, भिलाई

## बराबरी और भागीदारी
## महिला सशक्तीकरण की निभाई जिम्मेदारी

- महिला स्व-सहायता समूहों का 12.77 करोड़ रु का ऋण माफ
- महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु 10-50 लाख रु तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान
- राज्य महिला आयोग मद में 5 गुना वृद्धि
- जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण
- बिहान के अंतर्गत 20 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 1.85 लाख महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया

**लैंगिक समानता में देश का अग्रणी राज्य**
(एसडीजी सूचकांक 2020-21, नीति आयोग)

**देश में महिला-पुरुष लिंगानुपात में अव्वल**



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./38565/19

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23